दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
धनतेरस आज
वर्ष : 15 | अंक : 345 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी संवत् - 2082
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# गुजरात की नई कैबिनेट में 26 मंत्रियों ने शपथ ली

## हर्ष संघवी बने डिप्टी सीएम, रिवाबा की सरप्राइज एंट्री

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को 19 विधायकों को मंत्रियों के तौर पर शामिल कर मंत्रिपरिषद में फेरबदल किया और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री बनाया। इसी के साथ पटेल समेत मंत्रिपरिषद में शामिल कुल नेताओं की संख्या 26 हो गई है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नए मंत्रियों के साथ-साथ उन नेताओं को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, जिन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है और राज्य मंत्रियों से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया ने राज्य कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।



### इन छह में से तीन

- कनुभाई पटेल, ऋषिकेश पटेल और कुंवरजी बावलिया - पहले कैबिनेट मंत्री थे, जबकि संघवी, प्रफुल्ल पानसेरिया और पुरुषोत्तम सोलंकी राज्य मंत्री थे। इनमें से केवल संघवी और पानसेरिया ने शुक्रवार को दोबारा शपथ ली। संघवी को उपमुख्यमंत्री और पानसेरिया को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया। मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए 19 विधायकों में जीतू वाघाणी, अर्जुन मोढवाडिया और मनीषा वकील शामिल हैं।









# परिवहन विभाग ने चार निजी यात्री बसों पर की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** जैसलमेर में हुए बस हादसे के बाद विभागीय अधिकारी अलर्ट मोड में हैं। यात्री बसों की जांच के लिए परिवहन विभाग ने अधिकारी नियुक्त किए हैं, जो राउंड द क्लॉक बसों की जांच कर रहे हैं। जिला परिवहन अधिकारी रामेश्वरलाल वैष्णव ने बताया कि हादसों की रोकथाम के लिए विभागीय स्तर पर पूरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। सिरोही में परिवहन निरीक्षक मनीष खत्री ने निजी यात्री बसों की जांच की। उन्होंने बाहरीघाटा, गोयली चौराहा समेत अन्य जगह बसें रूकवा कर जायजा लिया। बसों में सुरक्षा मानकों को लेकर निरीक्षण किया। साथ ही बस चालकों को नियमों की अवहेलना करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान चार बसों के चालान भी काटे गए।



# पावटा के कपिल देव गर्ग बने आरएएस अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में पावटा कस्बे के कपिल देव गर्ग ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए प्रदेश में 303वीं रैंक औरइडब्ल्यूएस श्रेणी में 31वीं रैंक हासिल की है। कपिल की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर है। पावटा शहरवासियों ने उनके परिवार व कपिल देव को बधाइयाँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कपिल देव के पिता विमल गर्ग व्यवसायी हैं, जबकि माता प्रेम गर्ग गृहिणी हैं। कपिल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शुभम पब्लिक स्कूल, पावटा से प्राप्त की और कक्षा 5 से 12 तक की पढ़ाई एम.एम. पब्लिक स्कूल, ललाना मोड़ (प्रागपुरा-पावटा) से की। इसके बाद उन्होंने आईटीआई धनबाद से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। कपिल देव का यह आरएएस परीक्षा का दूसरा प्रयास था, पहले प्रयास में उन्होंने केवल प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने अपनी सफलता अपने दिवंगत दादाजी स्व. बंशीधर गर्ग और ताऊजी स्व. कमल गर्ग को समर्पित की है, जिनका सपना था कि परिवार से कोई आरएएस बने। उन्होंने अपने बड़े दादा मंगल चंद गर्ग और अन्य परिजनों के मार्गदर्शन को भी अपनी सफलता का श्रेय दिया है। कपिल देव ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य आईएएस बनकर देश की सेवा करना है।



# श्री श्याम मंदिर सेवा धाम खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** मोहन नगर स्थित श्री श्याम मंदिर सेवा धाम खाटू श्याम मंदिर में कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की रमा एकादशी पर विशेष श्रृंगार दर्शन का आयोजन किया गया। मंगला आरती के बाद से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में श्याम बाबा के जयकारों की गूंज सुनाई दी।मंदिर परिसर में अस्थाई दुकानें लगाई गईं। इनमें बच्चों के खिलौने, महिलाओं के सौंदर्य प्रसाधन और फूल-प्रसाद की दुकानों पर श्रद्धालुओं ने खरीदारी की। श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा, गिर्राज धरण, राधा कृष्ण और हनुमान जी के दर्शन कर मंगल कामना की। रमा एकादशी के अवसर पर श्याम बाबा की शीश प्रतिमा का विभिन्न प्रकार के फूलों की मालाओं से श्रृंगार किया गया। मंदिर की सजावट एक दिन पहले संध्या से शुरू की गई थी।आसपास के विभिन्न गांवों से महिलाएं और पुरुष पैदल चलकर दर्शन के लिए पहुंचे। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी श्रद्धालुओं ने श्याम मंदिरों में श्रद्धा और विश्वास के साथ दर्शन किए।



# शहर युवा छापाचित्र कलाकार नैना सोमानी दिल्ली में पुरस्कृत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** शहर की युवा कलाकार नैना सोमानी के छापाचित्र फिश लाइट डिनर को 34वीं रवि जैन मेमोरियल फाउंडेशन अवॉर्ड्स, न्यू दिल्ली की और से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। धूमिमल गैलरी में प्रदर्शित की गई इस प्रदर्शनी में वुडकट तकनीक में बनाए गए दो छापा चित्र 'फिश लाइट डिनर एवं लक्जरी नेवर डाइज़, एपैरेंटली को प्रदर्शित किया गया गया। 39.32 इंच एवं 45.29 इंच में बने यह छापा चित्र को 10-11 रंगों की लेयर में बनाया गया है। यह प्रदर्शनी 29 सितंबर 2025 से 14 अक्टूबर 2025 तक प्रदर्शित रही। जिसमें नैना ने प्रिंटमेकिंग के प्रति गहरे प्रेम को दर्शाया है। मानव अस्तित्व को दर्शाते इन छापा चित्रों में अपने विचारों को उकेरा है। इस प्रतियोगिता के लिए देश से 500 से अधिक कृतियां प्राप्त हुई थीं। धूमीमल गैलरी में प्रदर्शित 500 से अधिक कृतियों में से 5 युवा कलाकार का चयन हुआ जिसमे राजस्थान से केवल उदयपुर की नैना को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवॉर्ड के लिए, नैना को सम्मानस्वरूप नकद राशि, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । नैना की कृतियां पूर्व में भी ललित कला अकादमी,एआईएफएसीएस अमृतसर आदि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई है।



# दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की अद्विका ने राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** अलवर में आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर गर्ल्स चेस चैंपियनशिप में उदयपुर की अद्विका सरूपरिया (दिल्ली पब्लिक स्कूल) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अद्विका को ट्रॉफी और 4100 की नगद राशि से सम्मानित किया गया। अद्विका ने प्रतियोगिता के दौरान अजमेर की इशल दाधीच, बीकानेर की अन्वेशा व्यास, भीलवाड़ा की वानिया दुहान, जयपुर की केवलिया गोयंका, नितिशा अग्रवाल, तथा भीलवाड़ा की आराध्या उपाध्याय को पराजित किया।



# राजस्थान में इस बार की दीपावली बनेगी पर्यावरण परंपरा और स्वदेशी नवाचार का उत्सव

## राजभवन में जलेंगे देसी गाय के गोबर से बने गोमय दीपक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** इस वर्ष की दीपावली राजस्थान में केवल रोशनी का नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, गौसंवर्धन और स्वदेशी नवाचार का उत्सव बनने जा रही है। इस बार राजस्थान राजभवन में देसी नस्ल की गाय के गोबर और दुर्लभ औषधीय जड़ी-बूटियों से बने गोमय दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे। यह पहल पूरे प्रदेश को यह प्रेरक संदेश देगी कि दीपावली जैसे पारंपरिक पर्व को भी प्रकृति और परंपरा के संगम के रूप में मनाया जा सकता है।



शुक्रवार को विभिन्न गोसेवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मुलाकात कर उन्हें गोमय दीपक भेंट किए। इस अवसर पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को देसी गाय के गोबर से निर्मित विशेष दीपक प्रदान किए। राज्यपाल से आग्रह किया गया कि सभी विधायकों के निवास पर भी गौमय दीपक जलाने की व्यवस्था की जाए। विभिन्न गौ सेवी संगठन दीपक उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। राज्यपाल श्री बागडे ने इस अनूठी पर्यावरणीय पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और आधुनिक पर्यावरणीय चेतना का सुंदर संगम हैं, जो समाज को प्रकृति-सम्मत जीवन की ओर प्रेरित करते हैं।

उल्लेखनीय है कि जयपुर के टोंक रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला वैदिक पादप अनुसंधान केन्द्र में बड़े पैमाने पर ये गोमय दीपक तैयार किए जा रहे हैं। यहां की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं न केवल दीपक बना रही हैं, बल्कि उनकी पैकेजिंग से लेकर विपणन तक की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। माता रानी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रतिदिन लगभग पाँच हजार दीपक बना रही हैं। एक दीपक तैयार करने में केवल डेढ़ मिनट का समय लगता है। यह कार्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता, सम्मानजनक आजीविका और सामाजिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बन चुका है। हैनिमन चैरिटेबल सोसायटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने बताया कि ये दीपक साधारण मिट्टी के नहीं, बल्कि देसी नस्ल की गाय के गोबर और औषधीय जड़ी-बूटियों जैसे जटामासी, अश्वगंधा, रीठा, काली हल्दी, नीम, तुलसी, मोरिंगा पाउडर और देसी घी से निर्मित हैं। जब ये दीपक जलते हैं, तो वातावरण में हवन जैसी दिव्य सुगंध फैलती है, जो न केवल मन को शांत करती है, बल्कि वायु को भी शुद्ध करती है।

डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि ये गोमय दीपक गिरने पर टूटते नहीं, हल्के होते हैं और कई बार जलाए जा सकते हैं। दीपक के अवशेषों को मिट्टी या पौधों के पास डालने से ये प्राकृतिक खाद का कार्य करते हैं। यह दीपक केवल रोशनी ही नहीं, बल्कि धरती को पोषण भी देते हैं। यह भारतीय परंपरा के पंचगव्य सिद्धांत का आधुनिक और वैज्ञानिक रूप है। इस बार श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में आयोजित होने वाले 26 लाख दीपों के दीपोत्सव में जयपुर से पाँच लाख गोमय दीपक विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। जब अयोध्या की पवित्र भूमि पर ये स्वदेशी दीपक जलेंगे, तो वह दृश्य भारतीय संस्कृति की वैज्ञानिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक बन जाएगा।केवल जयपुर ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान में यह आंदोलन जन-आंदोलन का रूप ले रहा है।

**नगर परिषद में थोक में पहुंचे मिठाई के पैकेट्स**

# इनके कार्यों से खुश तो नहीं दिख रहे, फिर कौन खिला रहा मिठाई

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** लगता है सिरोही की जनता नगर परिषद के कार्यों से खुश है। शायद यही कारण है कि कार्मिकों को मिठाई खिलाई जा रही है। वह भी एकाध नहीं वरन् थोक में। चौकना लाजिमी पर हकीकत यही है। सिरोही नगर परिषद में शुक्रवार को मिठाई के कई पैकेट्स आते देखे गए। यह हम नहीं कह रहे बल्कि तस्वीर बता रही है। ऐसा तो हो नहीं सकता कि नगर परिषद आसानी से सभी के कार्य कर रही हो और जनता पूरी तरह खुश हो। क्योंकि शहर में पड़े गड्ढे, सफाई की बदहाली, टूटी-फूटी सडक़ें और अन्य कई कारणों से लोग आए दिन परेशान हो रहे है। ऐसे में लगता तो नहीं कि जनता इनके कार्यों से खुश होगी। फिर इन पैंकेट्स को कोई क्यों देकर जा रहा है यह आसानी से सोचा जा सकता है।

**सवाल यह भी किसने पहुंचाई मिठाई :** आमतौर पर कोई किसी के कार्य से खुश है तभी मिठाई खिलाता है। ऐसे में नगर परिषद में पहुंचे मिठाई के पैकेट भी कुछ यही बता रहे हैं, लेकिन क्या जनता वाकई इनके कार्यों से खुश है। यदि नहीं तो फिर मिठाई के पैकेट्स भी कौन पहुंचा रहा है। यह भी एक सवाल ही है।




सिरोही नगर परिषद में मिठाई के पैकेट्स ले जा रहा कर्मचारी।

# सेवा पर्व पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत पाथरेड़ी में हुआ भव्य ग्रामीण सेवा शिविर

## विधायक हंसराज पटेल ने ग्रामीणों से किया संवाद, योजनाओं का लाभ दिलवाया

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** सेवा पर्व पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाथरेड़ी में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता विधायक हंसराज पटेल ने की। कार्यक्रम में विधायक पटेल ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार जनसेवा के संकल्प को धरातल पर उतारने में निरंतर जुटी है। विधायक पटेल ने शिविर में उपस्थित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलवाते हुए सम्मान पत्र प्रदान किए और सरकार की पारदर्शी कार्यशैली की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर लाभार्थी के प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण किया जाए, ताकि किसी ग्रामीण को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने विधायक हंसराज पटेल का माल्यार्पण, साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, एसीईओ सुशीला यादव, शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार संजय खेदड़, डॉ. एकता चौधरी, पाथरेड़ी सरपंच रामस्वरूप कसाना, एडवोकेट कमल कसाना, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, धर्मसिंह भैंसलाना सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विधायक पटेल ने कहा कि ऐसे सेवा शिविर सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिनसे योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्रों तक सहज रूप में पहुंच सके।



# मेवाड़ लीजेंड्स और पिछोला पैंथर्स फाइनल में

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर प्रीमियर लीग सीजन-2 के तहत खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मैच में मेवाड़ लीजेंड्स ने चेतक स्टेलियंस को 3 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेतक स्टेलियंस ने निर्धारित ओवर्स में 176 रन बनाए।

प्रांजल शुक्ला ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 49 गेंदों में 80 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मेवाड़ लीजेंड्स की टीम ने 18 ओवर में लक्ष्य का पीछा कर लिया मेन ऑफ द मैच विकास दाहिमा रहे। आयोजक प्रतीक परिहार ने बताया कि इक्विटास बैंक के सहयोग से हुए आयोजन में दूसरे सेमीफाइनल में पिछोला पैंथर्स ने हल्दीघाटी योद्धा को 5 विकेट से हराया। 75 रन से हराया।

हल्दीघाटी योद्धा ने पहली बल्लेबाजी करते हुए 156 रन बनाए। जवाब में पिछोला पैंथर्स ने मैन ऑफ द मैच लौकिक सूर्यवंशी की 48 गेंदों में 88 की धुंआधार बल्लेबाजी की बदौलत मैच 5 विकेट से जीत लिया।

मुख्य अतिथि पूर्व पंचायत समिति भिंडर के प्रधान कुबेर सिंह चावड़ा ने मैन ऑफ द मैच को सम्मानित किया।

# द बोहराज ग्लोबल स्कूल में दीपावली पर्व की शुभ कामनाओ के सहित अर्धवार्षिक परिणाम सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** महवा द बोहराज ग्लोबल स्कूल में दीपावली के पावन अवसर पर एक विशेष पेरेन्ट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को दीपकों, फूलों और रंगोलियों से आकर्षक रूप से सजाया गया। विद्यालय परिसर श्रीराम जी के भजनों से गूंज उठा।कार्यक्रम की शुरुआत सभी अभिभावकों को मिठाई वितरण से हुई। इसके पश्चात् सभी ने दीप प्रज्वलन एवं रंगोली सजाकर वातावरण को उल्लासमय बनाया। विद्यालय ने छोटे बच्चों का स्वागत गुब्बारों और बिस्किट देकर किया।पी.टी.एम. के दौरान अभिभावकों ने शिक्षकों के साथ बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की तथा यह विचार-विमर्श किया कि बच्चों की शैक्षणिक और सहगामी गतिविधियों को और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है।इस अवसर पर विद्यालय के पी.टी.आई. श्री सुरेंद्र जी एवं श्री भूपेंद्र जी को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कोच का कार्य निर्वाह करने पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा धनराशि देकर सम्मानित किया गया। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम का समापन सभी अभिभावकों के सकारात्मक विचारों और प्रशंसा के साथ हुआ, जिससे यह दीपावली पर्व विद्यालय परिवार के लिए यादगार बन गया।इस अवसर पर निदेशक विनय बोहरा, सह निदेशक विकास बोहरा, प्रिंसिपल ओ पी नागर, राजेश पुनीत वाइस प्रिंसिपल श्वेता राणा नेगी, सभी विषय अध्यक्ष, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, अकाउंट स्टाफ, सहायक स्टाफ उपस्थित रहे।



**विप्र फाउंडेशन बानसूर के द्वारा अनील भारद्वाज का सम्मान किया गया**

# भारद्वाज विप्र वंश का चिराग,ऐसे ही 43चिराग औऱ जगमगाए-शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** विप्र समाज राजस्थान में 44प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभाएँ दिखाई हैं औऱ विप्र समाज सहित अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।वहीं बानसूर उपखण्ड क्षेत्र में कुल 6प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई है जो विभिन्न समाजों से आते हैं!उनमें से एक विप्र समाज की प्रतिभा है अनील कुमार भारद्वाज जो ग्राम पंचायत मांची का निवासी है जिसकी शिक्षा दीक्षा ग्रामीण परिवेश में हुई। विप्र समाज की प्रतिभा को सम्मानित करने के लिए राजस्थान प्रदेश के जोन-1के प्रदेशाध्यक्ष कर्नल राजेश शर्मा के नेतृत्व में आरएएस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अनील कुमार भारद्वाज का सम्मान किया गया। वहीं ब्राह्मण समाज बानसूर के विप्र बंधुओं द्वारा अनील कुमार शर्मा औऱ विप्र समाज के प्रदेशाध्यक्ष कर्नल राजेश शर्मा का माला -साफा पहनाकर सम्मान किया गया औऱ उनका मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया गया। इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि अनील भारद्वाज ने प्रतियोगी परीक्षा पास कर एक नया चिराग जलाया है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सन्देश है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में समाज के कुल 44 दीपक जगमगाकर समाज को रोशन कर रहे हैं वहीं आने वाले समय में औऱ भी दीपक अपना प्रकाश फैलाएंगे! वहीं आरएएस परीक्षा में उत्तीर्ण अनील कुमार भारद्वाज ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, चाचा औऱ समाज को दिया है। उन्होंने कहा कि समाज के अग्रणी लोगों की विचारधारा से समाज की नई पीढ़ी को शिक्षा लेनी चाहिए औऱ कर्तव्य मार्ग पर डटे रहना चाहिए। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट विकास जोशी ने कहा कि अनील भारद्वाज की इस सफलता से ना सिर्फ समाज का नाम रोशन हुआ है बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन हुआ है। इस मौके पर भाजपा नेता मुसद्दीलाल ढांचोलिया, पियूष पुरोहित, वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेशाध्यक्ष, सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष व भाजपा नेता बृजमोहन शर्मा,पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित, वरिष्ठ एडवोकेट अशोक मिश्रा,सुशील पुरोहित, संदीप दीक्षित,राघवेन्द्र शर्मा,संकेत लाटा,मनोज जोशी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धूमिलाल शर्मा, देवेन्द्र शर्मा,दीपक शास्त्री,मुकेश मिश्रा, सोमदत्त शर्मा, शेखर शर्मा, विनोद शर्मा,भाजपा नेत्री मंजू शर्मा,अनील की माताजी शकुंतला शर्मा, चाची कमलेश शर्मा, सुमन जोशी,मीना जोशी, स्नेहलता शर्मा, बिमला शर्मा, विनीता शर्मा, सुधा जोशी सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही।



# देवली में माहेश्वरी आई हॉस्पिटल ने आंखों की अंधता से पीड़ित महिला को रोशनी लौटाई

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** शहर के माहेश्वरी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर एस एस लाठी ने आंखों की अंधता का एक सफल ऑपरेशन करके गरीब महिला को फिर से रंगीन दुनिया दिखाई दी। स्थानीय माहेश्वरी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर एस एस लाटी ने मोतियाबिंद की बीमारी से ग्रस्त लाड देवी बैरवा उम्र 35 वर्ष अपनी दोनों आंखों की रोशनी चले जाने के कारण से कुछ देख नहीं पा रही थी। ऐसे में लाड देवी के परिजन उसे यहां अस्पताल में लेकर आए और इस दौरान लाड देवी के परिजनों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से लाड देवी की आंखों की रोशनी चली गई है ऐसे में वह,कुछ नहीं



देख पा रही है अपनी आंखों की समस्या के कारण बेहद परेशान रहती है। साथ ही यह भी बताया कि लाड देवी बेरवा एक गरीब परिवार से है इसके माता-पिता नहीं है । डॉ लाठी ने उक्त महिला की आर्थिक स्थिति और परेशानी को देखते हुए सर्वप्रथम पीडित़ महिला को परामर्श दिया। इसके बाद डॉ लाठी ने साथ में आए रिश्तेदारों को बताया कि लाड देवी को उच्च गुणवत्ता के इलाज की जरूरत है। उच्च गुणवता के इलाज से लाड देवी की दोनों आंखें ठीक हो सकती है। और यह वापस से सब कुछ साफ साफ देख भी सकती है । इस पर परिजनों ने डॉक्टर से उक्त महिला की आंखों की बीमारी के इलाज का खर्च पूछा तो डॉक्टर लाटी ने उक्त गरीब महिला की स्थिति को ध्यान में रखते हुए नाम मात्र 15 हजार रुपए का खर्च बताया और कहा कि बिना इंजेक्शन से दूरबीन के जरिए आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा । इस पर उक्त महिला के रिश्तेदारों ने उक्त महिला का मामूली खर्च पर इलाज शुरू करवा दिया। डॉक्टर लाठी ने उक्त मरीज महिला की पहले दाई आंख का दूरबीन से ऑपरेशन किया जो 100त्न सफल रहा डॉक्टर लाठी ने उक्त गरीब महिला को अंधता से मुक्ति दिलाते हुए उसकी एक आंख में रोशनी वापस लौटा दी। डॉक्टर लाठी ने बताया कि दूसरी आंख का ऑपरेशन कुछ दिनों बाद ऑपरेशन किया जाएगा जिससे दूसरी आंख मैं भी रोशनी वापस आने की पूरी पूरी संभावना है।

## प्रदेश में आगजनी की घटनाओं के बाद टोंक में मॉक ड्रील, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी ने छत पर चढ़ कर सम्भाला मोर्चा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में आग और जैसलमेर बस में आग के हादसे के बाद प्रदेश में सरकारी महकमे और अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट पर है और शुक्रवार की दोपहर करीब 2.35 बजे इसी अलर्ट को जांचने के लिए टोंक जिला मुख्यालय पर सआदत अस्पताल में भीषण आग पर मॉक ड्रिल किया गया। दरअसल टोंक के सआदत अस्पताल में दोपहर 2.35 बजे आज भीषण आग लगने की सूचना प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हनुमान प्रसाद बैरवा ने पुलिस कंट्रोल रूम को दी और बताया कि अस्पताल के एक हिस्से में भीषण आग लगी है जिसमें कई मरीज फंस गए है।

## देवली कोर्ट के अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल सदस्य का स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर से बार काउंसिल सदस्य डॉ. महेश शर्मा के देवली पहुंचने पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया। एडवोकेट अजीत सिंह ने बताया कि स्थानीय अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल सदस्य महेश शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर शर्मा ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्होंने बताया कि महेश शर्मा हमेशा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। ऐसे शर्मा ने बताया कि पूर्व में भी कई विवादों एवं मसलों को सुलझाने में उनका सहयोग रहा है। इस मौके पर एडवोकेट अजीत सिंह ललित चौहान अनिल बुरेटिया बाबूलाल मीणा, वीरेंद्र जैन (चीनू) एडवोकेट जेम्न एडवोकेट बैरागी सहीत बार संघ के कई सदस्य मौजूद थे।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स में मनीष चौधरी ने 800 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड मेडल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** भास्कर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हाउसिंग बोर्ड टोंक के विद्यार्थी मनीष चौधरी ने जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 19 वर्ष वर्ग में 800 मीटर दौड़ प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विद्यालय के निदेशक गोविन्द शर्मा , प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बैरवा ने छात्र मनीष चौधरी को शुभकामनाएँ दी है। वहीं गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद परिवार में भी उत्साह का माहौल है, परिवारजनों से स्कूल प्रबंधन का आभार जताया है।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान पर कार्यकर्ताओं की कार्यशाला बढ़ता राजस्थान

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक (उमाशंकर शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी की आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी की कार्यशाला शुक्रवार को अंबेडकर भवन एसबीआई कार्यालय के सामने आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान और पूर्व सांसद रामचरण बोहरा एवं प्रदेश के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यशाला में क्षेत्रीय विधायक और जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत का आधार है। इसका उद्देश्य देश को आर्थिक रूप से मजबूत और स्वावलंबी बनाना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है।
















## सम्पादकीय

# वायु प्रदूषण की चिंता, सभी कारणों के निवारण पर जोर दिया जाए

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में कुछ शर्तों के साथ दीवाली पर ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति दे दी। उसने अपने फैसले के पक्ष में कहा कि हमें एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, ताकि उद्योग और पर्यावरण, दोनों के हितों की रक्षा हो सके। ऐसे किसी फैसले की अपेक्षा इसलिए थी, क्योंकि कुछ समय पहले उसने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखे बनाने की अनुमति दे दी थी।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति चाहने वाले उत्साहित होंगे, लेकिन पर्यावरण प्रेमी चिंतित होंगे। उनकी चिंता समझी जा सकती है, क्योंकि एक तो इसकी आशंका है कि सुप्रीम कोर्ट ने जिन शर्तों के साथ ग्रीन पटाखों की अनुमति दी, उनका सही तरह पालन हो सकेगा और दूसरे, ग्रीन पटाखों की आड़ में परंपरागत पटाखों की भी बिक्री हो सकती है।

यह ठीक है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसकी पड़ताल करने को कहा है कि ग्रीन पटाखों की ही बिक्री हो, लेकिन इसमें संदेह है कि यह काम सही तरह हो सकेगा। ग्रीन पटाखों की अनुमति इस कारण दी गई कि वे पर्यावरण को कहीं कम प्रदूषित करते हैं, लेकिन यह कहना कठिन है कि जिस गुणवत्ता के ग्रीन पटाखे बनते और बिकते हैं, वे वास्तव में पर्यावरण हितैषी होते हैं?

यह सही है कि वायु प्रदूषण का कारण केवल पटाखे ही नहीं, लेकिन पर्यावरण प्रेमियों के साथ पूरे समाज को इस बारे में विचार करना होगा कि पटाखों का सीमित और संयमित उपयोग कैसे किया जाए। दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति देने का सुप्रीम कोर्ट का निर्णय इसे भी इंगित कर रहा है कि उसे केवल इस क्षेत्र के ही वायु प्रदूषण की चिंता नहीं करनी चाहिए। दिल्ली अथवा उसके आसपास का क्षेत्र ही देश नहीं है। यह किसी से छिपा नहीं कि देश के अन्य हिस्सों और विशेष रूप से उत्तर भारत के कई इलाकों में वायु प्रदूषण ने सिर उठाना शुरू कर दिया है। वायु प्रदूषण की चिंता केवल सर्दियों के समय ही नहीं की जानी चाहिए। देश के एक बड़े हिस्से में वायु प्रदूषण की समस्या को देखते हुए यह अनिवार्य है कि उसकी चिंता पूरे वर्ष की जाए।

इसके साथ ही वायु प्रदूषण के सभी कारणों के निवारण पर जोर दिया जाए। अभी ऐसा नहीं हो पा रहा है। वायु प्रदूषण के लिए कभी पराली को जिम्मेदार समझ लिया जाता है तो कभी पटाखों को। वायु प्रदूषण के अन्य कारणों में वाहनों का उत्सर्जन, सडक़ों एवं निर्माण स्थलों से उडऩे वाली धूल



और कल-कारखानों का उत्सर्जन भी है। सर्दियों में कूड़ा-करकट के साथ पत्तियों को जलाने का सिलसिला भी कायम हो जाता है। अच्छा यह होगा कि प्रदूषण के सभी कारणों के निवारण के लिए सतत प्रयत्नशील रहा जाए और इसमें समाज की भी भागीदारी हो।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 18 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1898 - अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको का अपने कब्जे में लिया।
- 1922 - ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की स्थापना।
- 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरु की।
- 1972 - पहले बहुद्देशीय हेलिकॉप्टर एस ए 315 का बैंगलोर में परीक्षण।
- 1980 - पहली हिमालय कार रैली को बम्बई (मुंबई) के ब्रेबोर्न स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
- 1985 - सम्पूर्ण विश्व में व्यापक विरोध के बावजूद दक्षिण अफ़्रीकी सरकार द्वारा अश्वेत कवि बेंजामिन मोलोइस को फ़ाँसी।
- 1991 - दक्षिण पश्चिम एशिया और दक्षिणी पूर्वी यूरोप के मुहाने पर स्थित अजरबैजान ने तत्कालीन सोवियत संघ से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
- 1995 - कोलंबिया के कार्टाजेना में गुट निरपेक्ष देशों का ग्यारहवां शिखर सम्मेलन प्रारम्भ।
- 1998 - भारत और पाकिस्तान आणविक ख़तरे रोकने के लिए सहमत।
- 2000 - श्रीलंका में पहली बार विपक्षी सदस्य अनुरा भंडारनायके को संसद अध्यक्ष बनाने की सहमति।
- 2004 - कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन मारा गया।
- म्यांमार के प्रधानमंत्री खिन न्युंट को भ्रष्टाचार के आरोप में अपदस्थ कर नजरबंद कर रखा गया।
- 2005 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने नियंत्रण रेखा को भूकम्प राहत कार्य के लिए खोलने का सुझाव दिया।
- 2007 - आठ वर्ष के बाद बेनजीर भुट्टो अपने वतन पाकिस्तान लौटीं। बेनजीर भुट्टो की मोटर कार रैली में हुये आत्मघाती हमले में 139 लोगों की मौत हुई और 450 अन्य घायल हुए। इस आत्मघाती हमले में भुट्टो बाल बाल बचीं।
- कनाडा की संसद के निचले सदन ने म्यांमार की विपक्षी नेता आंग सान सू-की को कनाडा की मानद नागरिकता देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

## विशेष आलेख

# धन्वन्तरि जयन्तीः चिकित्सा के देवता माने जाते हैं भगवान धन्वन्तरि



रमेश सर्राफ धमोरा



धन्वन्तरि को हिन्दू धर्म में देवताओं के वैद्य माना जाता है। ये एक महान चिकित्सक थे जिन्हें देव पद प्राप्त हुआ। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ये भगवान विष्णु के अवतार समझे जाते हैं। इनका पृथ्वी लोक में अवतरण त्रयोदशी के दिन हुआ था। इसीलिये दीपावली के दो दिन पूर्व धनतेरस को भगवान धन्वन्तरि का जन्म धनतेरस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन इन्होंने आयुर्वेद का भी प्रादुर्भाव किया था। इन्हें भगवान विष्णु का रूप कहते हैं जिनकी चार भुजायें हैं। उपर की दोंनों भुजाओं में शंख और चक्र धारण किये हुये हैं। जबकि दो अन्य भुजाओं मे से एक में औषध तथा दूसरे मे अमृत कलश लिये हुये हैं।

आयुर्वेद चिकित्सा करनें वाले वैद्य इन्हे आरोग्य का देवता कहते हैं। इन्होंने ही अमृतमय औषधियों की खोज की थी। इनके वंश में दिवोदास हुए जिन्होंने शल्य चिकित्सा का विश्व का पहला विद्यालय काशी में स्थापित किया था। जिसके प्रधानाचार्य सुश्रुत बनाये गए थे। सुश्रुत दिवोदास के ही शिष्य और ऋषि विश्वामित्र के पुत्र थे। उन्होंने ही सुश्रुत संहिता लिखी थी। सुश्रुत विश्व के पहले शल्य चिकित्सक थे। दीपावली के अवसर पर कार्तिक त्रयोदशी-धनतेरस को भगवान धन्वंतरि की पूजा करते हैं। कहते हैं कि शंकर ने विषपान किया। धन्वंतरि ने अमृत प्रदान किया और इस प्रकार काशी कालजयी नगरी बन गयी।

आयुर्वेद के सम्बन्ध में सुश्रुत का मत था कि ब्रह्माजी ने पहली बार एक लाख श्लोक के आयुर्वेद का प्रकाशन किया था। जिसमें एक सहस्र अध्याय थे। उनसे प्रजापति ने पढ़ा तदुपरांत उनसे अश्विनी कुमारों ने पढ़ा और उन से इन्द्र ने पढ़ा। इन्द्रदेव से धन्वंतरि ने पढ़ा और उन्हें सुन कर सुश्रुत मुनि ने आयुर्वेद की रचना की। इसके उपरान्त अग्निवेश तथा अन्य शिष्यों के तन्त्रों को संकलित तथा प्रतिसंस्कृत कर चरक द्वारा चरक संहिता के निर्माण का भी आख्यान है।

धन्वन्तरि देवताओं के वैद्य और चिकित्सा के देवता माने जाते हैं। इसलिए चिकित्सकों के लिए धनतेरस का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। धनतेरस के संदर्भ में एक लोक कथा प्रचलित है कि एक बार यमराज ने यमदूतों से पूछा कि प्राणियों को मृत्यु की गोद में सुलाते समय तुम्हारे मन में कभी दया का भाव नहीं आता क्या। दूतों ने यमदेवता के भय से पहले तो कहा कि वह अपना कर्तव्य निभाते है और उनकी आज्ञा का पालन करते हैं। परन्तु जब यमराज ने दूतों के मन का भय दूर कर दिया तो उन्होंने कहा कि एक बार राजा हेमा के ब्रह्मचारी पुत्र का प्राण लेते समय उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर हमारा हृदय भी पसीज गया था। लेकिन विधि के विधान के अनुसार हम चाह कर भी कुछ न कर सके। हमारे देश में सर्वाधिक धूमधाम से मनाए जाने वाले त्योहार दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। इसी दिन से घरों की लिपाई-पुताई प्रारम्भ कर देते हैं। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन ही भगवान धन्वन्तरि का जन्म हुआ था। इसलिए इस तिथि को धनतेरस के नाम से जाना जाता है। धन्वन्तरि जब प्रकट हुए थे तो उनके हाथो में अमृत से भरा कलश था। भगवान धन्वन्तरि पीतल का कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए ही इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परम्परा है। इस अवसर पर धनिया के बीज खरीद कर भी लोग घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों में या खेतों में बोते हैं।

एक दूत ने बातों ही बातों में तब यमराज से प्रश्न किया कि अकाल मृत्यु से बचने का कोई उपाय है क्या। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए यम देवता ने कहा कि जो प्राणी धनतेरस की शाम यम के नाम पर दक्षिण दिशा में दीया जलाकर रखता है उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती है। इस मान्यता के अनुसार धनतेरस की शाम लोग आंगन में यम देवता के नाम पर दीप जलाकर रखते हैं।

महाभारत तथा पुराणों में विष्णु के अंश के रुप में उनका उल्लेख प्राप्त होता है। उनका प्रादुर्भाव समुद्रमंथन के बाद निर्गत कलश से अण्ड के रुप मे हुआ। समुद्र के निकलने के बाद उन्होंने भगवान विष्णु से कहा कि लोक में मेरा स्थान और भाग निश्चित कर दें। इस पर विष्णु ने कहा कि यज्ञ का विभाग तो देवताओं में पहले ही हो चुका है। अतः यह अब संभव नहीं है। देवों के बाद आने के कारण तुम (देव) ईश्वर नहीं हो। अतः तुम्हें अगले जन्म में सिद्धियां प्राप्त होंगी और तुम लोक में प्रसिद्ध होगे। तुम्हें उसी शरीर से देवत्व प्राप्त होगा और द्विजातिगण तुम्हारी सभी तरह से पूजा करेंगे। तुम आयुर्वेद का अष्टांग विभाजन भी करोगे। द्वितीय द्वापर युग में तुम पुनः जन्म लोगे इसमें कोई सन्देह नहीं है।

इस वर के अनुसार पुत्रकाम काशीराज धन्व की तपस्या से प्रसन्न हो कर जब भगवान ने उसके पुत्र के रुप में जन्म लिया और धन्वंतरि नाम धारण किया। धन्व काशी नगरी के संस्थापक काश के पुत्र थे। वे सभी रोगों के निवराण में निष्णात थे। उन्होंने भरद्वाज से आयुर्वेद ग्रहण कर उसे अष्टांग में विभक्त कर अपने शिष्यों में बांट दिया। वैदिक काल में जो महत्व और स्थान अश्विनी को प्राप्त था वही पौराणिक काल में धन्वंतरि को प्राप्त हुआ। जहां अश्विनी के हाथ में मधुकलश था वहां धन्वंतरि को अमृत कलश मिला, क्योंकि विष्णु संसार की रक्षा करते हैं। इसीलिये रोगों से रक्षा करने वाले धन्वंतरि को विष्णु का अंश माना गया है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी बॉस से खूब पटेगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। आपको आज किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचना होगा।

**वृष**
आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहेगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और आपकी मेहनत अधिक रहेगी। संतान की संगति गलत होने के कारण आपको टेंशन भी अधिक रहेगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। माता जी को ननिहाल पक्ष के लोगों से मेल मिलाप करने लेकर जा सकती हैं। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आप बिजनेस में कुछ बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी बिजनेस में पार्टनरशिप अच्छी रहेगी। आपकी परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। रोजगार को लेकर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने जिम्मेदारियों को लेकर थोड़ा सतर्क रहें। आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। बिजनेस में भी आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे।

**कन्या**
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपकी अपनी संतान से खूब पटेगी। आप उनके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट भी लेकर आ सकते हैं, लेकिन आप अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाएं।

**तुला**
आज आपका भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती हैं। परिवार में किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा, लेकिन आप किसी मामले में धैर्य व संयम बनाए रखें, इसलिए आप अपने कामों को कल पर ना टालें।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में बजट बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपके खर्च अधिक रहेंगे। आज आपके सामने कुछ ऐसे खर्च होंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रहेगा। आपको अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखना होगा। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मकर**
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, उन्हें किसी मनचाहे कोर्स में दाखिला मिलेगा और अध्यापकों का भी पूरा साथ मिलेगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नयी पहचान मिलेगी।

**कुंभ**
आज आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए अच्छी रहेगी और आपको नौकरी में भी प्रमोशन आदि मिल सकता है। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**मीन**
आज आपकी आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी, जिससे आपकी टेंशन भी बढ़ेंगी, लेकिन आप बेफिजूल के खर्च करने से बचे। आपकी किसी बात को लेकर परिवार के सदस्यों मे आपसी मतभेद को स्थिति उत्पन्न हो सकती हैं।

# वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक सेतु बनी दिपावली

*यह पर्व दुनिया को याद दिलाता है कि भले ही हम अलग-अलग देशों में रहते हों लेकिन 'नई शुरुआत की आशा' की भावना हम सभी को एक सूत्र में बांधती है।*




विवेक वैष्णव

दीपावली की तैयारियां भारत वंशीय ही नही बल्कि संपूर्ण विश्व कर रहा है और इसके पीछे कारण यह है कि विगत कुछ वर्षो से यह भारत का ही नही एक स'चा वैश्विक पर्व बन चुका है। यह अंधकार पर प्रकाश की वैश्विक विजय का प्रमुख उत्सव बन चुका है और ''तमसो मा 'योतिर्गमय'' के शाश्वत संदेश को पूरी दुनिया तक पहुँचा रहा है। वैश्विक दृष्टिकोण से दीपावली सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक सौहार्द और मानवीय मूल्यों का एक शक्तिशाली प्रतीक है। यह पर्व दुनिया को याद दिलाता है कि भले ही हम अलग-अलग देशों में रहते हों लेकिन 'नई शुरुआत की आशा' की भावना हम सभी को एक सूत्र में बांधती है। यह आज एक ऐसा विश्व पर्व बन चुका है जो सीमाओं को लांघकर पूरे विश्व में खुशियाँ और रोशनी फैला रहा है। वैश्विक स्तर पर दीपावली का सबसे बड़ा आकर्षण इसका गहरा और सार्वभौमिक संदेश है। यह पर्व प्रकाश पर अंधकार की विजय का सबसे प्रमुख प्रतीक है। यह लोगों को अज्ञान, निराशा, या बुराई को ज्ञान, आशा और अ'छाई से परास्त करने के लिए प्रेरित करता है। यह उत्सव वित्तीय वर्ष के अंत (व्यापारिक समुदाय के लिए) और नए संकल्पों का समय होता है। इस दिन धन की देवी लक्ष्मी और विवेक के देवता गणेश की पूजा की जाती है। यह धन के साथ विवेक के महत्व पर ज़ोर देता है जो विश्व भर के समुदायों के लिए प्रासंगिक है।

दुनिया भर में फैले भारतीय समुदायों ने दीपावली को एक सांस्कृतिक सेतु बना दिया है। अमेरिका के व्हाइट हाउस से लेकर लंदन की सडक़ों तक और दुबई के ग्लोबल विलेज से लेकर सिंगापुर के लिटिल इंडिया तक यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। दिवाली के मौके पर दुबई और अबू धाबी जैसे शहरों में भव्य आतिशबाजी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशेष बाज़ार (दीपावली मेला) आयोजित होते हैं। अमेरिका और कनाडा के सामुदायिक केंद्र और मंदिर बड़े पैमाने पर समारोह आयोजित करते हैं जिनमें भारतीय पकवान, रंगोली और पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन शामिल होते हैं। लंदन में लेसेस्टर जैसी जगहों पर बड़े सार्वजनिक उत्सव होते हैं जहां रोशनी, संगीत और भारतीय व्यंजनों का संगम देखने को मिलता है। नेपाल में यह त्योहार 'तिहार' के नाम से जाना जाता है और यह पांच दिवसीय उत्सव होता है। सिंगापुर, मलेशिया जैसे देशों में दीपावली एक राष्ट्रीय अवकाश है। लिटिल इंडिया जैसे इलाके रोशनी और सजावट से जगमगा उठते हैं। कभी केवल निजी घरों में मनाया जाने वाला यह त्योहार अब अमेरिकी राजनीतिक परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। भारतीय समुदाय की बढ़ती जनसंख्या, आर्थिक शक्ति और राजनीतिक सक्रियता के कारण, इस 'प्रकाश पर्व' को मनाना अमेरिकी नेताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और राजनीतिक आउटरीच का माध्यम बन गया है। दीपावली के उत्सव को आधिकारिक राजनीतिक मान्यता व्हाइट हाउस से मिलनी शुरू हुई थी। वर्ष 200& से व्हाइट हाउस में दीपावली मनाने की प्रथा शुरू हुई जो इसके वैश्विक महत्व को दर्शाता है। तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू.

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



हेमा मालिनी
अभिनेत्री

हेमा मालिनी भारतीय सिनेमा की सबसे सफल और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्हें न केवल उनकी अदाकारी के लिए बल्कि उनके अनुशासन, संघर्ष और अथक मेहनत के लिए भी सम्मानित किया जाता है। दक्षिण भारत के एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार से निकलकर उन्होंने बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' का खिताब हासिल किया और आगे चलकर राजनीति में कदम रखकर संसद तक अपनी पहचान बनाई। हालांकि करियर की शुरुआत में एक डायरेक्टर ने उन्हें यह कहकर ठुकरा दिया था कि उनके चेहरे में 'स्टार जैसी चमक' नहीं है, लेकिन हेमा ने हार नहीं मानी। अपनी प्रतिभा और दृढ़ता के बल पर उन्होंने बॉलीवुड पर राज किया और शाहरुख खान जैसे सितारों को प्रेरित करते हुए उनके करियर की राह में अहम भूमिका निभाई। हेमा मालिनी का जन्म एक तमिल अय्यंगार ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनके पिता वी.एस. चक्रवर्ती स्वतंत्रता सेनानी रहे और बाद में सरकारी सेवा में कार्यरत हुए, जबकि उनकी मां जया लक्ष्मी एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम नृत्यांगना थीं। परिवार में सादगी और अनुशासन का वातावरण था, साथ ही कला और संस्कृति के प्रति गहरी समझ भी विद्यमान थी। बचपन से ही हेमा मालिनी को नृत्य और अभिनय में गहरी रुचि थी। उन्होंने भरतनाट्यम का विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया और उसके साथ कथक एवं कुचिपुड़ी की बारीकियां भी सीखीं। उनकी मां स्वयं नर्तकी बनना चाहती थीं, लेकिन अवसर न मिलने के कारण उन्होंने हेमा को श्रेष्ठ नृत्यांगना बनाने में अपना पूरा प्रयास किया। पढ़ाई में भी हेमा बचपन से होशियार थीं और विशेष रूप से इतिहास विषय में उनकी रुचि थी। 10वीं कक्षा की परीक्षा वे नहीं दे पाईं क्योंकि उस समय उन्हें लगातार अभिनय के प्रस्ताव मिल रहे थे। उनके परिवार ने हमेशा शिक्षा और कला के बीच संतुलन बनाए रखने की सीख दी।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# दिवाली पर पटाखों के धुएं से आ सकता है अस्थमा अटैक, बचने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

दिवाली का त्योहार रोशनी, मिठास और खुशियों का त्योहार है। लेकिन अस्थमा से पीडि़त लोगों के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण हो सकता है। दरअसल, इस दौरान पटाखों से निकलने वाले धुंए से हवा बेहद खराब हो जाती है, जिससे अस्थमा अटैक का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, प्रदूषण और ठंडी हवा भी अस्थमा के लक्षणों को बढ़ा सकते हैं। इसके कारण अस्थमा के मरीजों को सांस लेने में तकलीफ, जलन या खांसी की समस्या हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि अस्थमा के मरीज अपना खास ख्याल रखें। कुछ उपाय अपनाकर अपनी सेहत को बिगडऩे से बचा सकते हैं। लेकिन कुछ आसान उपाय अपनाकर अपनी सेहत को बिगडऩे से बचा सकते हैं।

**दिवाली पर क्यों बढ़ती है अस्थमा के मरीजों की परेशानी? :** दिवाली में पटाखों से निकलने वाला धुआं और जहरीले कण हवा में मिलकर प्रदूषण का स्तर बहुत बढ़ा देते हैं। यह धुआं अस्थमा के मरीजों के फेफड़ों पर बुरा असर डालता है और सांस लेना मुश्किल बना देता है। साथ ही अगरबत्ती, परफ्यूम और दीयों की खुशबू भी कई बार ट्रिगर का काम करती है।

**दिवाली पर अस्थमा के मरीज ऐसे रखें अपना ख्याल :** घर से बाहर जाने से बचें दिवाली के दौरान अस्थमा के मरीजों को बिना किसी वजह घर से बाहर नहीं जाना चाहिए। अगर बाहर निकलना पड़े, तो एन 95 मास्क पहनें। साथ ही, घर की खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें ताकि प्रदूषित हवा अंदर न आ सके।

इनहेलर हमेशा पास रखें : दिवाली पर अस्थमा के मरीजों को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।

### देर रात चले कार्यक्रम में 250 प्रतिभाएं सम्मानित

# राजधानी फाउण्डा में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'झंकार-2025' में उमड़ा जन सैलाब




बढ़ता राजस्थान

**पचकोडिया (नि.स.)।** कस्बे में नीट, जेईई, सीयूईटी, आईसीएआर, जेट की तैयारी कराने वाले इंस्टीट्यूट राजधानी एजुकेशनल ग्रुप द्वारा संचालित, राजधानी सांइस धारा, राजधानी फाउण्डा व राजधानी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल कैंपस में स्टेट लेवल कल्चरल प्रोग्राम 'झंकार-2025' व पूर्व राजधानियन्स (एल्यूमिनाई) व वर्तमान राजधानियन्स दीपोत्सव संगम का भव्य रूप से आयोजन राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के डायरेक्टर व नेशनल मोटीवेटर डॉ रमेश यादव की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी शिवप्रसाद यादव, विक्की शर्मा, जेपी चौधरी, सीएल जाखड़, शिक्षाविद् नागर डिडल, राहुल सुल्तानिया अचरोल, शिक्षाविद् मुकेश शर्मा मुंडोती, समाजसेवी गिरिराज जोशी, पंचायत समिति सदस्य शिवजी राम यादव, रेनवाल नगर पालिका के पार्षद महेंद्र सुल्तानिया, रामेश्वर काकोडिया, नोपाराम सुल्तानिया, सरपंच पवन मीणा, सरपंच सीएम डोगीवाल, समाजसेवी सागर मीणा, बाबुलाल भंगार, शिक्षाविद् सुंदर रणवा, गोपाल ओला ने मां शारदे के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बलरामसिंह यादव, प्रिंसिपल हेमेन्द्र शर्मा व डिप्टी डायरेक्टर कल्पेश यादव ने बताया कि देर रात चले कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम, समूह गान, एकल नृत्य एवं ड्यूल डांस प्रस्तुत कर उपस्थित विद्यार्थियों व भारी जनसमूह को बाँधे रखा। ऑपरेशन सिंदूर, काली माता, शांभाजी महाराज, शिव भोलेनाथ की जीवंत झाँकियों से सभी का मन मोह लिया। कोरियोग्राफर देवेंद्र जलुथरिया, जोबनेर द्वारा निर्देशित 9वीं व 10वीं कक्षा के ब्वॉयज द्वारा सांभा जी ओरंगजेब एक्ट, 11वीं कक्षा की गर्ल्स द्वारा ऑपरेशन सिंदूर एक्ट, 11वीं व 12वीं कक्षा के ब्वॉयज द्वारा काली माता रक्तबीज एक्ट डांस, 8वीं कक्षा की ब्वॉयज द्वारा मंजुलिका थीम डांस सहित 40 से अधिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को रात को 1 बजे तक बांधे रखा। आरएएस 2025 में चयनित पूर्व राजधानियन अभिषेक मीणा निवासी करणसर व राकेश यादव निवासी लक्ष्मीपुरा का माला पहनकर व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान किया गया। राजधानी सुपर टेस्ट सीरीज में विनर रही अदिति सिंह पवार, अजमेर व योगेश सहारण, श्रीगंगानगर को पुरस्कार के रूप में साइकिलें व साथ ही 250 बच्चों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित समस्त गणमान्य व्यक्तियों, अभिभावक व पूर्व राजधानियंस को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बुद्धराम बाजिया, सुनील चौधरी, हीरालाल शास्त्री, बाबूलाल कुमावत, बाबुलाल सुंडा, लालाराम धगड़ा रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् मुकेश शर्मा मुण्डोती ने किया।



## जिला कलक्टर ने दीवाली के मद्देनजर स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को अपनाने की अपील की

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी द्वारा दीपावली पर्व 2025 के अवसर पर माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली एवं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग जयपुर व राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जयपुर के आदेश अनुसार दिवाली के त्यौहार पर जिला कोटपूतली-बहरोड के उपखण्ड क्षेत्र बहरोड, नीमराना, बानसूर व नारायणपुर में पारपरिक पटाखों, प्लास्टिक आधारित सजावटी सामग्रियों और गैर-पुनर्चक्रणीय पैकेजिंग के व्यापक उपयोग व बढ़ते वायु प्रदूषण और अत्यधिक ठोस अपशिष्ट उत्पादन को कम करने और त्योहारों के मौसम में स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने के प्रयास में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कलेक्टर ने पुलिस व प्रशासन सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जागरूकता अभियान चलाकर यह बताया जाए कि केवल वे ही ग्रीन पटाखे जिनकी सूची राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित है तथा जिन्हें पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन द्वारा अनुमोदित हरित पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति है। इन पटाखों की बिक्री केवल 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 की अवधि में ही की जाएगी। ऑनलाईन अथवा ई-कॉमर्स माध्यम से पटाखों की बिक्री या क्रय पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा. साथ ही वैरियम आधारित पटाखे, श्रृंखला पटाखे, तथा एनसीआर क्षेत्र के बाहर से आयातित पटाखों की बिक्री व उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने निर्देश कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को दिए गए निर्णय के अनुसार दिवाली के अवसर पर हरित पटाखे फोडने की अनुमत समय-सीमा दिवाली से पहले और दिवाली के दिन, दोनों दिनों में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से रात 10 बजे तक ही सीमित रहे। साथ ही दुकानदारों, उपहार विक्रेताओं और पैकेजिंग इकाइयों से कागज, कपडे, जूट या प्लास्टिक या धातु की पन्नी के बजाय जैव-निम्नीकरणीय सामग्री का उपयोग करने का आग्रह करते हुए संदेश प्रसारित करें। स्थानीय बाजारों और स्कूलों में पर्यावरण-अनुकूल उपहार अभियान को बढ़ावा दे।
जिला कलेक्टर ने कहा कि हरित दिवाली, स्वच्छ दिवाली मनाएँ विषय पर जागरूकता गतिविधियों, मीडिया अभियान और सार्वजनिक घोषणाएँ आयोजित करें। पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने में गैर-सरकारी संगठनों, इको-क्लबों. आरडब्ल्यूए और युवा समूहों को शामिल करें।

## संत समाज का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के श्री श्री 1008 श्री नागाजी मंदिर में संत समाज का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें श्री विरक्त मण्डल (सताईसा) श्री राम श्याम मण्डल (सताईसा) और संत श्री सीताराम मण्डल(सताईसा)की सामूहिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री जनार्दन दास महाराज,नारायणपुर ने की।सम्मेलन में संत समाज के हित में निर्णय लिये गये तथा समाज सुधार के कार्यों पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान संत श्री सीताराम मण्डल (सताईसा)की समिति का गठन कर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष,मंत्री, और उपमंत्री आदि पदों की नियुक्ति की गई। सम्मेलन में श्री श्री 1008 श्री कालीदास जी महाराज,अध्यक्ष सीताराम मण्डल (सताईसा),श्री श्री 1008श्रीबालेश्वरदासजी,कोटपूतली,श्री श्री1008 श्री नरहरिदास ,बारा धूणी, श्री श्री 108 श्री रामरतनदास जी महाराज,फूटा जोहड़ा,श्री श्री 108 श्री मक्खनराम महाराज नागाजी कोटपुतली,श्री श्री 108 श्री पोकरदास जी सुरेशदास महाराज,रामदासमहाराज,रामनरेश दास जी महाराज, आदि संत उपस्थित रहे।

## कोटपूतली से श्री सांवलिया सेठ के लिये रोड़वेज बस सेवा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोड़वेज बस डिपो स्थित आगार कार्यालय से शुक्रवार को कोटपूतली से श्री सांवलिया सेठ के लिये रोड़वेज बस सेवा शुरू की गई।



इस मौके पर विधायक हंसराज पटेल ने हरी झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया। रोड़वेज बस कोटपूतली से श्री सांवलिया सेठ वाया नीमकाथाना, सीकर होते हुये पहुंचेगी। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि यह बस सेवा आमजन की सुविधा हेतु एक महत्वपूर्ण पहल हैं। जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुगम यातायात सुविधा प्राप्त होगी। यात्रियों को सीधे श्री सांवलिया सेठ पहुंचने में बेहद आसानी होगी। पटेल ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया एवं बस के चालक व परिचालक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही उन्हें सुरक्षित एवं सफल संचालन के लिये शुभकामनायें भी दी। आगार प्रबंधक मंजू चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस दौरान पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, एड. कमल कसाना, नगर मण्डल अध्यक्ष अरूण सैनी, सरपंच रामनरेन्द्र शर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी समेत कार्मिक एवं आमजन मौजूद रहें।

## अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम 22 को

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** खण्डेलवाल विकास समिति की ओर से 22 अक्टूबर को अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया जाएगा। खण्डेलवाल विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश रावत ने बताया कि 22 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 11 बजे खण्डेलवाल धर्मशाला में खण्डेलवाल समाज का अन्नकूट प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें खण्डेलवाल समाज के लोग परिवार सहित अन्नकूट प्रसादी ग्रहण करेंगे।

## 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि' का जिला स्तरीय कार्यक्रम 18 अक्टूबर को होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 18 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि' किश्त हस्तांतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भतरपुर के नदबई में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुडकर मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की चौथी किश्त का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण करेंगे। यह कार्यक्रम ब्लॉक स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर को प्रभारी अधिकारी तथा तहसीलदार (भू.अ) को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## विद्यार्थियों को डॉ अभिमन्यु ने हरित दीपावली मनाने का दिलाया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** उपखंड के टहला के राजकीय महाविद्यालय में हरित दीपावली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ अभिमन्यु सिद्ध ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को इस बार दीपावली को हरित दीपावली के रूप में मनाने का संकल्प दिलवाया। साथ ही दीपावली के दिन सभी विद्यार्थियों से पंच परिवर्तन जिसमें पर्यावरण संरक्षण,नागरिक कर्तव्य,परिवार प्रबोधन,स्वदेशी अपनाने ,सामाजिक समरसता जैसे पंच परिवर्तनों को जीवन में उतारने के लिए पंच परिवर्तन रूपी पांच दीपक जलाने का का संकल्प भी दिलवाया। इसके अलावा घरों की सजावट के लिए चाइनीज लाइटों को छोडक़र स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं का उपयोग करने लिए आग्रह किया गया।साथ ही परंपरागत बम पटाखों के स्थान पर ग्रीन पटाखों के उपयोग करने के लिए भी आग्रह किया गया। उन्होंने ग्रीन पटाखों की विशेषताओं तथा उनकी पहचान कैसे करे इस बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा डॉ सिद्ध ने दीपावली को प्लास्टिक मुक्त मनाने का भी संकल्प दिलवाया। इस दौरान कॉलेज के लेक्चरर ज्ञानेश शर्मा, डॉ.प्रमोद कुमार, डॉ. बबीता शर्मा ने विद्यार्थियों को हरित दीपावली के बारे में जानकारी दी, साथ ही मोबाईल एवं सोशल मीडिया से दूर रहने के बारे में भी जागरूक किया। इस कार्यक्रम में डॉ.अभिमन्यु सिद्ध के साथ डॉ प्रमोद कुमार, डॉ बबीता शर्मा, ज्ञानेश शर्मा , डॉ रामसिंह, गणेश दरिया, डॉ इंदर कुमार, भूपेंद्र, धनपाल मीणा, जगदीश सैन सहित टहला महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।




Tel. (01434) 232013 E-mail: npdeoli@gmail.com

## कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.

क्रमांक : न.पा.दे./आपत्ति आमन्त्रण सूचना /2025-26/12226-12228 दिनांक :: 17-10-2025

### -: आपत्ति आमन्त्रण सूचना :-

एतद्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा अपनी सम्पति के 69ए, लीज डीड, खांचा भूमि, नामान्तरण, पट्टा नवीनीकरण हेतु आवेदन किया गया है। किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित इजाजत बाबत् आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर म्याद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद म्याद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. स. | नाम प्रार्थी | मौहल्ला | भूखण्ड संख्या / नाप | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री उमेश पुत्र श्री गोविन्दराम यादव | वार्ड संख्या 26 मेन पेट्रोल पम्प रोड देवली | भूखण्ड नाप 86.11 वर्गगज | लीज डीड |
| 2. | श्रीमती कमलेश कुमारी पत्नी श्री सुरेन्द्र पाल सिंह | वार्ड संख्या 24 पंचायत समिति के उतर की ओर देवली | भूखण्ड संख्या 27 नाप 155.55 वर्गगज | लीज डीड |
| 3. | श्री लवलिश बडजात्या पुत्र श्री प्रेमचन्द बडजातिया | वार्ड संख्या 21 विवेकानन्द कॉलोनी देवली | भूखण्ड नाप 200 वर्गगज | लीज डीड |
| 4. | श्री राजेश जैन पुत्र श्री बंशीलाल जैन | वार्ड संख्या 24 पंचायत समिति के उतर की ओर देवली | भूखण्ड संख्या 13 नाप 155.55 वर्गगज | लीज डीड |
| 5. | श्री ओमप्रकाश सेन पुत्र श्री मदन लाल सेन | वार्ड संख्या 7 बंगाली कॉलोनी देवली | भूखण्ड संख्या 154 नाप 133.33 वर्गगज | लीज डीड |
| 6. | श्री अमित कुमार जैन पुत्र श्री पदमचन्द जैन | वार्ड संख्या 21 विवेकानन्द कॉलोनी देवली | भूखण्ड नाप 58.86 वर्गगज | लीज डीड |
| 7. | श्री पदम चन्द जैन पुत्र श्री त्रिलोक चन्द जैन | वार्ड संख्या 21 विवेकानन्द कॉलोनी देवली | भूखण्ड संख्या 10 नाप 166.66 वर्गगज | लीज डीड |
| 8. | श्री पदम चन्द जैन पुत्र श्री त्रिलोक चन्द जैन | वार्ड संख्या 24 पटेल नगर देवली | भूखण्ड संख्या बी–66 नाप 177. 77 वर्गगज | लीज डीड |
| 9. | श्रीमती कलावती पत्नी श्री भागचन्द | वार्ड संख्या 26 मेन पेट्रोल पम्प रोड देवली | भूखण्ड नाप 34.72 वर्गगज | लीज डीड |
| 10. | श्री रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी पुत्र श्री लादूराम शर्मा | वार्ड संख्या 15 जनता कॉलोनी देवली | भूखण्ड संख्या 155 नाप 133.33 वर्गगज | लीज डीड |
| 11. | श्रीमती मधु अग्रवाल पत्नी श्री कृष्ण गोपाल कंछल | वार्ड संख्या 17 विवेकानन्द कॉलोनी देवली | भूखण्ड संख्या 35 नाप 200 वर्गगज | लीज डीड |
| 12. | श्रीमती परवीन कौर पत्नी श्री खुशवीर सिंह, श्रीमती चरणजीत कौर पत्नी श्री उपकार सिंह | वार्ड संख्या 21 विवेकानन्द कॉलोनी देवली | भूखण्ड संख्या 19 नाप 200 वर्गगज | लीज डीड |
| 13. | श्री मनोहर सिंह पुत्र श्री दिलीप सिंह | वार्ड संख्या 21 विवेकानन्द कॉलोनी देवली | भूखण्ड संख्या 18 नाप 200 वर्गगज | लीज डीड |
| 14. | श्री जोगेन्द्र कौर पत्नी श्री मनोहर सिंह | वार्ड संख्या 21 विवेकानन्द कॉलोनी देवली | भूखण्ड नाप 220 वर्गगज | लीज डीड |
| 15. | श्री ओमप्रकाश योगी पुत्र श्री प्रभूलाल योगी | वार्ड संख्या 26 गांधी कॉलोनी, रावन चौक के पास प्लाटो में देवली | भूखण्ड संख्या 63 नाप 28.44 वर्गगज | खांचा भूमि |
| 16. | श्री मुकेश मित्तल पुत्र श्री किशन गोपाल मित्तल | वार्ड संख्या 18 जनता कॉलोनी देवली | भूखण्ड संख्या 68 नाप 55.55 वर्गगज | खांचा भूमि |
| 17. | श्री मनोहर सिंह पुत्र श्री दिलीप सिंह | वार्ड संख्या 20 मेन रोड देवली | भूखण्ड संख्या 7 नाप 44.44 वर्गगज | 69–ए |
| 18. | श्रीमती जुगीन्द्र कौर पत्नी श्री मनोहर सिंह | वार्ड संख्या 20 विवेकानन्द कॉलोनी देवली | भूखण्ड संख्या 41 नाप 22.22 वर्गगज | 69–ए |
| 19. | श्री मनोहर सिंह पुत्र श्री दिलीप सिंह | वार्ड संख्या 20 मेन रोड देवली | भूखण्ड संख्या 6 नाप 44.44 वर्गगज | 69–ए |

(सुरेश कुमार मीणा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका देवली

## जिला कलक्टर से राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धि का प्रमाण पत्र पाकर बाबूलाल का खिला चेहरा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** ग्रामीण सेवा शिविर के तहत गुरूवार को थानागाजी उपखण्ड की ग्राम पंचायत पडाक छापली में आयोजित शिविर के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने ग्राम टोडा निवासी बाबूलाल गुर्जर के राजस्व रिकॉर्ड में नाम की अशुद्घि को मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित कर अशुद्घि को ठीक कराकर फरियादी को राहत प्रदान की। इस पर फरियादी बाबूलाल ने हाथों-हाथ समस्या का समाधान होने पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया।

लाभार्थी बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में नाम बाबूलाल की जगह बब्बू दर्ज होने की अशुद्घि होने के कारण सरकार की सभी सुविधाओं व योजनाओं से वंचित था जिसके कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पडा रहा था। नाम की अशुद्घि को दुरूस्त कराने हेतु कई बार आवेदन भी किया गया। ग्राम पंचायत में शिविर की सूचना मिलने पर शिविर में पहुंचा, जहां जिला कलक्टर को राजस्व रिकॉर्ड में नाम की अशुद्घि के बारे में अवगत कराया, जिस पर जिला कलक्टर ने मौके पर ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर मेरी समस्या का समाधान कराया, इससे मैं और मेरा परिवार बहुत खुश है। अब मुझे पीएम किसान सम्मान निधि व खाद्य सुरक्षा योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

## तीन दिवसीय पशुपालक प्रशिक्षण हुआ आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** प्रशिक्षण केंद्र शूकर फार्म अलवर में 15 से 17 अक्टूबर तक तीन दिवसीय पशुपालक प्रशिक्षण का आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश के 10 जिलों के पशुपालकों ने भाग लेकर शूकर पालन की उपयोगिता, महत्व व अन्य लाभों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर प्रशिक्षण ग्रहण किया।

शूकर फार्म के उप निदेशक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में उदयपुर, अजमेर, कोटा, चुरू, नागौर, जयपुर, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड, श्री गंगानगर व अलवर जिले के 30 प्रशिक्षकों ने भाग लिया, जिन्हें शकरपालन से जुडी उपयोगी जानकारी प्रदान कर पशुपालन को व्यवसाय की तरह अपनाकर युवाओं को रोजगार प्रदान करने का आह्वान किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. जितेन्द्र यादव ने शूकर की नस्लों, आवास व रोगों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस दौरान सेवानितृत्त संयुक्त निदेशक डॉ. महावीर सिंह चौहान, उप निदेशक डॉ. मदन डागर व उप निदेशक बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय के एसवीओ डॉ. सरजीत सिंह ने पशुपालन संबंधी व्याख्यान देकर प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 30 पेड लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रमेश चंद मीणा ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. गोरांग शर्मा, डॉ. रविकांत राणा, श्रीमती निशा मिश्रा, श्रीमती शीला मीणा, कुमारी सन्नी मोहन व प्रतिभागी मौजूद रहे।

## शिविर में लाभार्थियों को किये पट्टे वितरित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** शहरी सेवा शिविर 2025 के तहत नगर पालिका क्षेत्र के महात्मा ज्योतिबा पार्क स्थित कैम्प में विभिन्न योजनाओं से संबंधित सेवाएं आमजन को उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को स्वामित्व के पट्टे वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बताया कि सरकार का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक परिवार तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। पट्टा वितरण से लाभार्थियों को अपने मकान और भूमि का स्वामित्व मिलेगा, जिससे वे सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगे। सेवा शिविर में नगर पालिका, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गए। लोगों की विभिन्न योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। सिविल कैंप में विधानसभा प्रभारी प्रेमनाथ धामाणी,नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, सुखराम मीना, विकाश भूषण भारद्वाज, ऋतिक कुमार, संतोष सैन, महावीर सैन सहित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## दिवाली मिलन, यज्ञ-योग साधना शिविर 20 को

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड (सुभाष यादव)।** दीपावली के पावन अवसर पर पतंजलि योग समिति व आर्य समाज, बहरोड के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली मिलन, यज्ञ व योग साधना शिविर 20 अक्टूबर को प्रात 7 बजे आर्य समाज मंदिर, बहरोड में आयोजित किया जा रहा है जिसमें पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी योगाचार्य विद्यारत्न शास्त्री द्वारा उन सभी दिव्य योगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया जाएगा जो तन- मन को स्वस्थ रखने में बहुत लाभकारी हैं सामूहिक योगाभ्यास के बाद यज्ञ होगा जिसमें संपूर्ण मानव जाति के कल्याण की मंगल कामनाओं के साथ आहुति दी जाएंगी।

अंत में सभी प्रसाद ग्रहण करके प्रस्थान करेंगे।आर्य समाज प्रधान रामानंद आर्य ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में सभी क्षेत्रवासी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

### मासूम चेहरों पर मानो हजारों वाट के बल्ब जैसी रोशनी लिए बच्चों के चेहरे खिल उठे - अध्यक्ष डॉ. मंजू

# लायंस क्लब सदस्यों ने केशव आदर्श विद्यामंदिर एवं संस्कार केन्द्र के बच्चों को दी खुशियों भरी मुस्कान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा दीपावली उत्सव के मौके पर आज गुरुवार, 17 अक्टूबर 2025 को माधव सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे केशव आदर्श विद्यामंदिर ,बुधविहार, अलवर तथा संस्कार केन्द्र , चमेली बाग़ अखैपुरा मोहल्ला के बच्चो के मध्य जाकर दीपोत्सव मनाया गया ! बच्चो ने स्वयं के हाथो से बनाये ग्रीटिंग काड्र्स लायन मेम्बर्स को बाँटे और लायंस क्लब अलवर मत्स्य के मेम्बर्स द्वारा तकरीबन 300 पैकेट्स मिठाई दोनों स्कूल के बच्चो में वितरित की गयी।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रार्थना एवं, हनुमान चालीसा का पठान किया गया इसके पश्चात् विमल जैन जी ने माधव सेवा समिति के द्वारा संचालित इन स्कूलों की गतिविधियों , संचालन के तरीके एवं अन्य कई गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कुछ भामाशाह इन स्कूलों को गोद ले ले तो बच्चे बहुत टैलेंटेड है जो आगे तक जा सकते है हमारी पूरी कोशिश रहती है कि बच्चो को भारतीय संस्कृति का ज्ञान देते हुए अच्छे संस्कारो में ढाले तभी 21 वीं सदी में भारत की एक अलग पहचान बन पाएगी। लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन मंजू अग्रवाल ने बताया कि दीपावली के पावन पर्व की शुरुआत इसे बच्चो के मध्य जाकर करी जिनके मासूम चेहरे बिना मिठाई के मुरझाये हुए थे किसी तरह की ख़ुशी दीपावली की उनके चेहरे से कोसो दूर नजर आ रही थी क्योकि उन्हें पता था कि गरीबी के चलते उनके माता-पिता कैसे उनका पालन पोषण करने के साथ उनको पढ़ा रहे है ! आज जब लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सदस्यों ने माधव सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे केशव आदर्श अध्ययन संस्थान एवं संस्कार केन्द्र , चमेली बाग़ अखैपुरा मोहल्ला तथा केशव आदर्श विद्यामंदिर , बुध विहार, अलवर के बच्चो के मध्य जाकर दीपोत्सव मनाया और सभी बच्चो को मिठाई का डब्बा थमाया उसी पल मानो हजारो वाट के बल्ब की सी रोशनी लिए बच्चो के चेहरे खिल उठे खुशियाँ चेहरे पर साफ़ नजर आ रहे थी ! लायन सतीश गुप्ता ने बच्चो को दीपवाली की हार्दिक शुभकामनाये प्रेषित करी वही पूर्व रीजन चेयरपर्सन एवं सीनियर लायन मेम्बर एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में बच्चो एवं टीचर्स को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए कहा कि आने वाले समय में आप सभी देश का भविष्य हो अभी से पढ़-लिखकर अच्छी पोस्ट पर नौकरी करने का अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़े साथ ही या तो आतिशबाजी बिलकुल ना करे ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे फिर भी यदि आपका मन करता है तो इको फ्रेंडली आतिशबाजी का प्रयोग करे यदि आपके लिए वो महँगी पड़ती है तो साधारण आतिशबाजी चलते समय पानी का पात्र पास में रखे ओर किसी बड़े परिजन की उपस्तिथि में ही आतिशबाजी चलाये ! माधव सेवा समिति के द्वारा संचालित इन स्कूलों में विमल जैन जी एवं अध्यापको द्वारा दी जा रही शिक्षा एवं संस्कार वाकई बेहद प्रशंसनीय है हर बच्चा नहाया हुआ , अच्छे वस्त्र पहने हुए , शिष्टाचार के साथ बात करते हुए , अपनों से बड़ो के पैर चुना इत्यादि गुणों से परिपक्व है और ये सब तभी संभव है जबकि स्कूल में दी जा रही शिक्षा उच्च मापदंडो की हो ! दीपावली के पवन पर्व पर दोनों ही स्कूलों के तकरीबन 300 बच्चो को 1-1 किलो मिठाई वितरित करवाई गयी जिसको पाकर बच्चो के मुरझाये चेहरे खिल उठे !



कार्यक्रम में अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन मंजू अग्रवाल,पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता,लायन सतीश गुप्ता,लायन अनिल बंसल ,लायन सत्यनारायण अग्रवाल,लायन गोविन्द गोयल, लायन घनश्याम अग्रवाल,लायन रुपेश गुप्ता , पियूष गर्ग , विमल जैन एवं स्कूल के अध्यापकगण एवं बच्चो इत्यादि ने बढ़-चढक़र भाग लिया ।

## राजीविका की दीदीयों ने दीवाली मेले में दिखाई आत्मनिर्भरता की मिसाल

### मिनी सचिवालय परिसर में पांच दिवसीय प्रदर्शनी में 3 लाख रूपये की हुई ब्रिकी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में दीपावली के अवसर पर मिनी सचिवालय परिसर में 13 से 17 अक्टूबर तक आयोजित पांच दिवसीय दीवाली स्टॉल प्रदर्शनी में राजीविका की स्वयं सहायता समूह की दीदीयों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है।

राजीविका डीपीएम ने बताया कि प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न ब्लॉकों की ग्रामीण महिलाओं ने अपने स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया। उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी में 3 लाख रूपये की ब्रिकी कर करीब 45 हजार रूपये का लाभ प्राप्त कर महिलाओं ने साबित किया कि ग्रामीण महिलाओं को अवसर मिले तो वे उत्कृष्ट उद्यमी बन सकती है। दीवाली के अवसर पर राजीविका की स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा तैयार किए गए हैंडमेड गिफ्ट हैम्पर्स ने इस बार बाजार में खास पहचान बनाई है। राजीविका से जुडी मनोज देवी एवं तारा देवी ने प्रदर्शनी में अपने समूह के माध्यम से बाजाद उत्पाद, मिल्क केक, आचार, नमकीन, हस्तनिर्मित स्नैक्स आदि की स्टॉल लगाई, जिन्हें आमजन खरीददारी कर प्रदर्शनी के उत्पादों को खूब सराहा।

राजीविका दीदीयों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस आयोजन ने उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण के साथ आत्मविश्वास भी दिया है। उन्होंने जिला कलक्टर का आभार जताते हुए जिला प्रशासन व राजीविका टीम द्वारा ग्रामीण महिलाओं की उद्यमिता को प्रोत्साहन देने वाला कदम बताया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार करें

## जिला कलक्टर ने आमजन से की अपील

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा दीपावली पर्व 2025 के अवसर पर माननीय उच्चतम न्यायालय एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जयपुर के आदेशानुसार दिवाली के त्योहार पर जिले में पारंपरिक पटाखों, प्लास्टिक आधारित सजावटी सामग्रियों और गैर पुनर्चक्रणीय पैकेजिंग के व्यापक उपयोग व बढते वायु प्रदूषण और अत्यधिक ठोस अपशिष्ट उत्पादन को कम करने और त्योहारों के मौसम में स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण को बढावा देने के प्रयास हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।




जिला कलक्टर ने पुलिस अधीक्षक, नगर विकास न्यास सचिव, नगर निगम आयुक्त, समस्त उपखण्ड अधिकारियों, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी, मुख्य व जिला शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार अलवर, समस्त विकास अधिकारियों एवं नगर पालिका के समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को दिए गए निर्णय के अनुसार दिवाली के अवसर पर हरित पटाखे फोडने की अनुमत समय-सीमा दिवाली से पहले और दिवाली के दिन, दोनों दिनों में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से रात 10 बजे तक ही सीमित रहे। दुकानदारों, उपहार विक्र्ेताओं और पैकेजिंग इकाइयों से कागज, कपडे, जूट या प्लास्टिक या धातु की पन्नी के बजाय जैव-निम्नीकरणीय सामग्री का उपयोग करने का आग्रह करते हुए संदेश प्रसासित करें, स्थानीय बाजारों और स्कूलों में पर्यावरण अनुकूल उपहार अभियान को बढावा देवे।

उन्होंने निर्देश दिये है कि खाली और इस्तेमाल किए गए उपहार बॉक्स, सजावटी सामग्री और दिवाली के बाद के कचरे के संग्रहण के लिए बाजार क्षेत्रों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थानों पर अस्थायी अपशिष्ट संग्रहण केंद्र स्थापित करें, शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी), नगर निगम और नगर परिषदों के साथ समन्वय स्थापित करके ऐसे कचरे को शीघ्रता से उठाकर उचित निपटान करें ताकि पुनर्चक्रण के माध्यम से उससे धन अर्जित किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया है कि 'हरित दिवाली, स्वच्छ दिवाली मनाएं' विषय पर जागरूकता गतिविधियां, मीडिया अभियान और सार्वजनिक घोषणाएं आयोजित करें, पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को बढावा देने में गैर सरकारी संगठनों, ईको-क्लबों, आरडब्ल्यूए और युवा समूहों को शामिल करें। जनजागरूकता अभियान चलाकर आमजन को बताए कि केवल पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा अनुमोदित हरित पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर आज आयोजित होंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर(का.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को राहत प्रदान करने एवं उनके मूलभूत कामों को एक ही छत के नीचे सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से 17 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर सेवा पखवाडे के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 18अक्टूबर को जिले के उपखण्ड क्षेत्र अलवर की ग्राम पंचायत जटियाना के लिए भारत निर्माण राजीव गांधी केंद्र में एवं ग्राम पंचायत रायसीस के लिए गेट नं. 3 शालीमार, उपखण्ड क्षेत्र कठूमर की ग्राम पंचायत ईसरोता व टिटपुरी के लिए भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र, उपखण्ड क्षेत्र मालाखेडा की ग्राम पंचायत माधोगढ के लिए अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड क्षेत्र राजगढ की ग्राम पंचायत सकट व बीघोता के लिए आईटी केंद्र, उपखण्ड क्षेत्र रामगढ की ग्राम पंचायत नीकच व खोहरा करमाली के लिए अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड क्षेत्र लक्ष्मणगढ की ग्राम पंचायत घाट व रोणपुर के अटल जनसुनवाई केंद्र में शिविर आयोजित होंगे।

### धन्वंतरि जयंती के अवसर पर बोले पूर्व मंत्री नसरू खान

# आयुर्वेद स्थाई समाधान देने वाली दुष्प्रभाव रहित भारतीय चिकित्सा पद्धति

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, बुद्ध विहार, ए ब्लॉक अलवर में धन्वंतरि जयंती के अवसर पर दो दिवसीय निशुल्क अस्थि संधि एवं तंत्रिकाजनित ( न्यूरो डिसऑर्डर) विकार आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन विश्व आयुर्वेद परिषद के सहयोग से किया गया।

शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री नसरू खान ने भगवान धन्वंतरि प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा आयुर्वेद दुष्प्रभाव रहित स्थाई समाधान देने वाली भारतीय चिकित्सा पद्धति है।

शिविर संयोजक डॉ. पवन सिंह शेखावत ने शिविर में उपस्थित लोगों को आयुर्वेद के महत्व एवं उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में परम धन आरोग्य को कहा गया है और आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि है, भगवान धन्वंतरि ने स्वस्थ दीर्घायु जीवन के लिए हमे आयुर्वेद प्रदान किया है, हमे इसे अपनाकर स्वस्थ दीर्घायु जीवन की ओर निरंतर अग्रसर रहना चाहिए। धन तेरस के दिन का विशेष महत्व भी आरोग्य, आयुर्वेद एवं आयुर्वेद के जनक एवं आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि जी से ही है।



### मरीजों को तुरंत दर्द से राहत प्रदान

शिविर में विभिन्न प्रकार के जोड़ दर्द घुटनों का दर्द, कमर का दर्द, एडी का दर्द, गर्दन का दर्द, साइटिका, सर्वाइकल, एवीएन, नसों पर दवाब, सुन्नपन, डिस्क से संबंधित, एवीएन एवं टेनिस एल्बो के रोगियों को वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने विद्धकर्म एवं अग्निकर्म चिकित्सा से लाभान्वित करते हुए तुरंत दर्द से राहत प्रदान की। शिविर में डॉ दिलीप प्रधान चिकित्सा अधिकारी, डॉ सुमन यादव, डॉ महिपाल चौहान, डॉ लक्ष्मी शर्मा एवं डॉ पवन सिंह शेखावत ने रोगियों की जांच कर चिकित्सा परामर्श दिया।

## शादी का झांसा देकर 4 साल से दुष्कर्म करने वाला आरोपी आरीफ अली गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी(नि.स.)।** दिनांक 15अक्टूबर 2025 को पिडिता ने उपस्थित थाना होकर बताया कि आरिफ अली पुत्र आबिद अली जाति मुसलमान निवासी नया बस स्टेण्ड भवानीमंडी का रहने वाला है जो मेरे साथ 4 सालो से शादी का झांसा देकर मुझे किराये के मकान में रखा वह मेरे साथ शारीरिक सबंध बनाते रहा लेकिन आज तक मेरे से शादी नही की इत्यादि पर प्रकरण दर्ज किया गया।

घटना की संवेदन-शीलता को देखते हुयें जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व चिंरजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में मन रमेशचन्द मीणा पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमण्डी के नेतृत्व में पिडिता द्वारा दर्ज प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रकरण का आरोपी के बारे में आसुचना संकलन करते हुये घटना के 24 घंटे के अंदर आरोपी आरिफ अली पुत्र आबिद अली जाति मुसलमान उम्र-28 साल निवासी वार्ड नम्बर-11, नई बस स्टेण्ड, जवाहर कॉलोनी, भवानीमण्डी पुलिस थाना भवानीमण्डी जिला-झालावाड (राज.) को गिरफतार किया गया।

## किरायेदार की दरिंदगी, नाबालिग बालिका को बनाया हवस का शिकार

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** नैनवां थाना क्षेत्र के कस्बे नैनवां में एक 11वर्षिय नाबालिक बालिका के साथ किरायेदार ने ही दुष्कर्म किया जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को पुछताछ किया जाने के लिए पुलिस हिरासत में लिया गया है। पीडित्ता बालिका का मेडिकल करवाया गया है। पीडित्त बालिका की माता की ओर से दी गई रिर्पोट पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म एंव पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। अब प्रकरण का अनुसंधान डीएसपी राजूलाल मीणा करेगें। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने पुलिस को दी गई रिर्पोट के आधार पर बताया कि शुक्रवार को 11 बजे करीब वह घर से अदालत में तारिख पेशी पर आ गई थी। घर पर उसकी 11 वर्षिय बालिका घर पर अकेली थी। 15मिनट के बाद बालिका का फोन आया जिसमें वह चिल्ला रही थी। वह कोर्ट से तुरन्त घर पर पहुॅंची ओर जानकारी की गई तो पाया कि हरिपुरा गांव निवासी कजोड़ मीणा ने उसके बालिका को अकेला देख जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया। बालिका दर्द से तड़प रही थी। मुलज्मि से घटना के बारे में बातचीत की तो उन्होने गाली गलौच करके जान से मारने की धमकिया दी गई।

## समाज सुधार की मिसाल,मृत्यु भोज प्रथा को दिया विराम

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी(नि.स.)।** तहसील पचपहाड़ के कस्बा में समाज सुधार की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के अनुयायी परिवार,स्वर्गवासी संपत बाई पत्नी मोहनलाल नाथ, माता राजेश दास, मुकेश दास और अनिल दास,ने यह सराहनीय निर्णय लिया है कि 16 अक्टूबर 2025 को उनके सतलोक गमन के उपलक्ष्य में किसी प्रकार का मृत्यु भोज आयोजित नहीं किया जाएगा।

परिवार का कहना है कि सच्ची श्रद्धांजलि व्यर्थ भोज कराने में नहीं, बल्कि बुराइयों को त्यागकर अच्छे कर्म करने में है। उन्होंने संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में यह संदेश दिया है कि मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाएँ समाज पर आर्थिक और सामाजिक बोझ डालती हैं, जिन्हें समाप्त करना ही सच्चा धर्म है।

यह निर्णय न केवल समाज में नवजागरण और सुधार का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बन गया है। ग्रामवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के निर्णय से समाज में सादगी, समानता और वास्तविक भक्ति का संदेश फैलता है।

## ढाबे पर बैठाकर शराब पिलाने वाले 02 ढाबा संचालकों व 01 अन्य को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी(नि.स.)।** जिला पुलिस अधीक्षक महोदय अमित कुमार ने बताया कि सभी थानाधिकारीगणो को अवैध कार्य की रोकथाम चैकिंग के विशेष निर्देश दिये गये थें इन्ही निर्देशो की पालना में थाना भवानीमंडी द्वारा दौराने गश्त गैरशायलान योगेन्द्र, गोपाल सिह व गोविन्द को।

गिरफतार करने में महत्वपुर्ण सफलता अर्जित की है। भवानीमंडी पुलिस अधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को दौराने गश्त सुचना प्राप्त हुई कि ढाबे के संचालक ग्राहको को ढाबे पर बैठाकर शराब पिलाते है उक्त सुचना पर शाम गश्त अधिकारी व जाप्ते को मोके पर भेजा गया तो सुचना की पुष्टी हुई। चूंकी पूर्व में भी कई बार ढाबा संचालको को ढाबे में बेठाकर ग्राहको को शराब नही पिलनाने बाबत् समझाईस की गयी थी। इस पर ढाबा के संचालक योगेन्द्रसिंह पुत्र कृपालसिंह जाति सोध्यियां राजपुत उम्र 22 साल निवासी रामठी थाना भवानीमण्डी जिला झालावाड व गोपालसिंह पुत्र अंतरसिंह जाति सोध्यियां राजपुत उम्र 27 साल निवासी डग रोड पचपहाड थाना भवानीमण्डी जिला झालावाड व शराब पीने वाले ग्राहक गोविन्द पुत्र ओमप्रकाश जाति बैरवा उम्र 30 साल निवासी गरोठ रोड पचपहाड थाना भवानीमण्डी जिला झालावाड को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया।

## अवैध मादक पदार्थ तस्कर की 10 लाख रुपए की संपत्ति पर चला पीला पंजा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** सुल्तानपुर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त एक बदमाश की अवैध संपत्ति ध्वस्त की। आरोपी शाहरुख उर्फ भूरिया, निवासी कर्बला चौक, सुल्तानपुर ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से अर्जित धन से नगर पालिका सुल्तानपुर की भूमि पर अतिक्रमण कर करीब 10 लाख रुपए मूल्य का मकान बना रखा था।पुलिस ने नगर पालिका टीम के सहयोग से अवैध मकान को जेसीबी से गिरा दिया।बताया गया कि आरोपी शाहरुख के खिलाफ पहले से 9 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्रवाई से इलाके में मादक पदार्थ तस्करों में हडक़ंप मचा हुआ है।

### आमली झाड़ में स्कूल की छत और तालाब के घाटों पर चला पीला पंजा

# मंत्री नागर ने घटिया निर्माण पर चलवाया बुलडोजर

## ऊर्जा मंत्री बोले विकास कार्यों में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/देवली(विनोद गौड़)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शुक्रवार को एक बार फिर आमली झाड़ गांव पहुंचे और स्वयं खड़े रहकर घटिया निर्माण पर बुलडोजर एक्शन करवाया। मंत्री नागर ने ग्रामीणों के साथ पहुंचकर तालाब के घाटों और बाउंड्रीवॉल को ध्वस्त करवाया। इसके बाद वे सरकारी स्कूल की छत पर पहुंचे और घटिया सामग्री से बनी छत को खुदवाने के निर्देश दिए। मौके पर जेसीबी से छत को पूरी तरह गिरा दिया गया।

उल्लेखनीय है कि बुधवार की रात भी मंत्री नागर आमली झाड़ पहुंचे थे, जहां ग्रामीणों ने स्कूल भवन में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग की शिकायत की थी। अधिकारियों ने छत को दोबारा बनाने की बात कही थी, लेकिन बिना तोड़े ही आगे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। इसके बाद मंत्री नागर ने शुक्रवार को खुद पहुंचकर कार्रवाई की। **3.91 करोड़ से बन रहा 30 कमरों का दो मंजिला स्कूल भवन :** गांव में 3.91 करोड़ रुपए की लागत से 30 कमरों वाला दो मंजिला स्कूल



भवन बन रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर मंत्री नागर ने मौके पर जांच की, जिसमें छत की गुणवत्ता बेहद कमजोर पाई गई। अधिकारियों द्वारा छत तोडऩे की झूठी रिपोर्ट देने पर मंत्री ने नाराजगी जताई और मौके पर ही कार्रवाई करवाई।

**77 लाख के घाट भी तुड़वाए गए :** मंत्री नागर ने गांव के तालाब पर बने 77 लाख रुपए की लागत से निर्मित घाटों और बाउंड्रीवॉल को भी ध्वस्त करवाया। निरीक्षण के दौरान तालाब की पाल पर सीमेंट की जगह डस्ट का प्रयोग पाया गया, जिसे मंत्री ने खुद पैर से खुरच कर दिखाया। कमजोर निर्माण देखकर मंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए इसे पूरी तरह तुड़वाने के आदेश दिए।

**भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं, कार्रवाई जारी रहेगीऊर्जा मंत्री:** मीडिया से बातचीत में ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है, लेकिन गुणवत्ता से समझौता कतई स्वीकार नहीं। उन्होंने कहा कि जहां भी घटिया निर्माण मिलेगा, उसे ध्वस्त किया जाएगा, संबंधित कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर राशि की वसूली की जाएगी। मंत्री ने कहा कि अभियंताओं और ठेकेदारों के गठजोड़ पर रोक के लिए थर्ड पार्टी टेस्टिंग और क्वालिटी कंट्रोल विंग को सशक्त किया जा रहा है। इससे पहले डूंगरज्या गांव में भी घटिया सीसी सडक़ को उखाडऩे की कार्रवाई की जा चुकी है।

## हाइटेशन लाइन की चपेट में आने से 7 वर्षीय बालिका झूलसी, कोटा रैफर

### चार घंटे लगाया जाम, वार्ता पर बनी सहमती

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** शुक्रवार को कस्बे के ज्योति नगर वाडऱ् 23 में आबादी क्षेत्र में निकल रही हाइटेंशन लाइन से एक बालिका के झुलसने का मामला सामने आया है। सात वर्षिय बालिका परी पांचाल पुत्री दिनेश पांचाल करंट की चपेट में आने के बाद उनको उपजिला चिकित्सालय में ले जाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रैफर किया गया। दूसरी ओर घटना को लेकर लोगो ने विरोध प्रदर्शन किया गया।

स्टेट हाईवे 34 नेमिचंद कटला के सामने जाम लगा दिया। पालिका चैयरमैन सहित कई पार्षदगण एंव प्रबुद्वजन जाम में बैठ गये। हादसे में घायल बालिका के परिजनो को 20लाख का आर्थिक पैकेज दिलाने की मांग करने लग गये। सुचना पर पुलिस थानाधिकारी मय जाप्ते के जाम पर पहुॅंचे उन्होने जाम हटाये जाने की कोशिश की लेकिन जाम लगा रहे लोगो ने डिस्कॉम विभाग के समक्ष अधिकारी मौके पर पहुॅंच कर वार्ता किया जाने एंव पीडित्त पक्ष को आर्थिक मदद किया जाने पर अड़ गये। कुछ समय बाद उपखण्ड अधिकारी प्रीति मीणा, डीएसपी राजूलाल मीणा भी मौके पर पहुॅंचे लेकिन जाम जारी रहा।

करीब चार घंटे तक जाम के हालात बने रहने से लोगो एंव वाहनो की आवाजाही में परेशानी रही। जाम पर धरना लगा बैठे लोगो ने टायर जला कर प्रदर्शन किया गया। बाद में डिस्कॉम विभाग के एक्सईन संदीप मालवीय सहित स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुॅंचे उन्होने धरने पर बैठे जनप्रतिनिधियो एंव प्रबुद्वजनो से वार्ता की गई।

इन बिन्दूओ पर बनी सहमती- 11 केवी लाईन रामपुरिया जो कि ज्योति नगर में होकर निकल रही है। उक्त लाईन को शिफ्ंटिग का पूर्ण प्रकरण बनाकर उच्चाधिकारियो को भिजवाया जायेगा। घायल बालिका के इलाज के लिए सीएमएसओ से वार्ता करके रिर्पोट भेजी जायेगी। जॉच रिर्पोट शीघ्र करवाकर जॉच रिर्पोट के आधार पर निगम नियमानुसार आर्थिक मुआवजे की कार्यवाही की जायेगी। जॉच में जो भी दोषी अधिकारी या कर्मचारी पाये जायेगें उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। घायल बालिका के अंग भंग होने पर मेडिकल डिपार्टमेंट के द्वारा जारी अपंगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर निगमके नियमानुसार राशि स्वीकृत की जायेगी।

## सुकेत में 'बुक हेवन लाइब्रेरी' का शुभारंभ, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किया उद्घाटन

### ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को नया आयाम देने की पहल

बढ़ता राजस्थान



**सुकेत/कोटा (मंगल सिंह)।** नगरपालिका सुकेत में वन वर्ल्ड एजुकेशन की शाखा बुक हेवन लाइब्रेरी का शुभारंभ शुक्रवार को राजस्थान सरकार में स्कूल शिक्षा, पंचायती राज एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के हाथों संपन्न हुआ। लाइब्रेरी के डायरेक्टर रघुवीर सिंह भदौरिया एवं संचालक अमन टेलर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में इस लाइब्रेरी की स्थापना शिक्षा के विकास का प्रतीक है। अब क्षेत्र के छात्र-छात्राएं अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर निर्माण के लिए इस लाइब्रेरी का लाभ उठा सकेंगे। उद्घाटन समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि — लाइब्रेरी केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों और सफलता का माध्यम है। सुकेत में इस प्रकार की पहल ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा देगी। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य धीरज सिंह सिसोदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, पूर्व उपप्रधान सुनील गौतम, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री विकास चौहान, पूर्व उपप्रधान ललित गुप्ता, विद्यालय संचालिका चंचल बाला कुमावत, कंप्यूटर सेंटर शिक्षिका परवीन अंसारी, शीनम बी, रायसिंह भदौरिया, नंदकिशोर टेलर, आशीष प्रजापति और अभय सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गढ़ गणेश पूजन के साथ होगा भव्य शोभायात्रा का आगाज़

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (नि.स.)।** आगामी बूंदी महोत्सव 2025 के शुभारंभ के अवसर पर शहर में भव्य एवं मनमोहक शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो बूंदी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक विकास की झलक प्रस्तुत करेगी। गढ़ गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ इस सांस्कृतिक यात्रा का शुभारंभ होगा, जिसके लिए प्रशासन व संबंधित विभाग उत्साह के साथ तैयारियों में जुट गए हैं।

शोभायात्रा को लेकर की जा रही तैयारियों की शुक्रवार को उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा ने समीक्षा कर आवश्‍?यक दिशा निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग की पूरी तरह से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएं और मार्ग में कहीं भी झूलते हुए बिजली के तारों को तुरंत दुरुस्त करवाया जाए, ताकि आयोजन में किसी प्रकार की कोई बाधा न आए।

शोभायात्रा परंपरा और आधुनिकता का अनूठा संगम होगी। इसमें पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सजी-धजी बालिकाएं और महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर शामिल होंगी। शोभायात्रा में सजे-धजे ऊंट, घोड़े, आकर्षक बैंड दल और विभिन्न लोक कलाकारों के दल अपने प्रदर्शन से समां बांध देंगे।

## निंबाहेड़ा में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई: 525 लीटर अवैध शराब जब्त, 12 भट्टियां नष्ट

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** आबकारी आयुक्त उदयपुर शिव प्रसाद नकाते एवं आबकारी प्रहराधिकारी निंबाहेड़ा हेमराज जाट के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अभियान अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (जॉन उदयपुर) नीति एवं प्रशासन के निर्देशन में, जिला आबकारी अधिकारी चित्तौडग़ढ़ गजेंद्र सिंह राजपुरोहित और सहायक आबकारी अधिकारी नरेंद्र जैन के निकट सुपरविजन में संपन्न हुआ। इस कार्रवाई में पुलिस थाना सदर निंबाहेड़ा के पुलिस निरीक्षक संजय शर्मा सहित पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने भाग लिया। टीम में आबकारी निरीक्षक अरविंद खींची, प्रहराधिकारी हेमराज जाट (निंबाहेड़ा), श्रवण लाल मीणा (बेगूं), भाग सिंह (डूंगला), तथा पुलिस थाना सदर निंबाहेड़ा के हेड कांस्टेबल फैजान खान (1138), महिला कांस्टेबल मीणा (965), कांस्टेबल हरिओम (1129), हेड कांस्टेबल इसरार हुसैन (829), सिपाही सुभाष चंद्र, छैल सिंह, गोपाल सिंह, अजय पाल सिंह, हिम्मत सिंह (क्र॥त्र), अनीश मोहम्मद (क्र॥त्र), प्रहलाद गर्ग (गार्ड) एवं संपूर्ण ईपीएफ जाब्ता चित्तौडग़ढ़ शामिल रहे।

**संयुक्त टीम ने गांव धीनवा में दबिश देकर विभिन्न स्थानों से अवैध शराब बरामद की-** भंवर सिंह पुत्र बहादुर सिंह के मकान से 60 लीटर, चरण सिंह पुत्र बहादुर सिंह के मकान से 60 लीटर, भगवान सिंह पुत्र बहादुर सिंह के मकान से 65 लीटर, लाल सिंह पुत्र निर्भय सिंह के मकान से 150 लीटर, महिपाल सिंह पुत्र गमेर सिंह के मकान से 100 लीटर, नारायण सिंह पुत्र राय सिंह के मकान से 50 लीटर, भंवर सिंह पुत्र राय सिंह के मकान से 23 लीटर, कालू सिंह पुत्र नारायण सिंह के कब्जे से 9 बोतल हथकड़ महुआ शराब जब्त की गई।

### शहरी सेवा शिविर का विधायक कृपलानी ने किया निरीक्षण

## शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो : कृपलानी

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेश की जनता को राहत पहुंचाने के लिए शहरी सेवा शिविर 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर परिषद निम्बाहेड़ा की ओर से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में इन सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय पर आयोजित शहरी सेवा अभियान-2025 का पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने निरीक्षण किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, लक्की आहूजा, नगर मंत्री धर्मपाल जाट सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। आरम्भ में नगर परिषद की ओर से शिविर प्रभारी ने अतिथियों की अगुवाई कर स्वागत किया। ततपश्चात



अतिथियों ने शिविर में लगी विभिन्न ब्लॉक स्तरीय विभागों की स्टॉलों का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित राज्य सरकार के अन्न प्राशन योजना के अंतर्गत एक बच्चे का अन्न प्राशन करवाया। शहरी सेवा शिविर के निरीक्षण के दौरान पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने शिविर में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना एवं उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान विधायक कृपलानी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन के द्वार तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर आमजन को राहत दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

शिविर के सहायक लेखा अधिकारी महेंद्र गायरी ने बताया कि शिविर के दौरान मुख्य अतिथि एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने मौके पर ही प्रकरणों का निस्तारण के पश्चात लाभार्थियों को शहरी नरेगा योजना के जॉब कार्ड, भूमि पट्टा, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री स्व निधि, उप विभाजन प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आदि की भी विस्तार से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

## पंच परिवर्तन-राष्ट्र जागरण पर विचार गोष्ठी रविवार को,मोतीलाल मीणा होंगे मुख्य वक्ता






बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(राजू शर्मा)।** स्वजागृत समाज की ओर से पंच परिवर्तन-राष्ट्र जागरण विषय पर दीपावली मिलन की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। ऑयल इण्डिया कम्पनी लिमिटेड के स्वतन्त्र निदेशक व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा राजस्थान मोतीलाल मीणा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहेंगे। स्वजागृत समाज के नितिन मंगल ने बताया कि 19 अक्टूबर रविवार को अपरान्ह 3 बजे सोना हवेली झोरवाली माता मंदिर के पास, धौलपुर विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि पंच परिवर्तन यथा पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, स्वदेशी, सामाजिक समरसता आदि ऐसे बिंदु जो हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं और जिनके बगैर जीवन की कल्पना भी नहीं जा सकती ऐसे पांच बिंदुओं पर गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे। उन्होंने जिले के प्रबुद्ध नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## डॉ. आरती शर्मा को छात्र कल्याण पीठ की सहायक पीठाध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(राजू शर्मा)।** डॉ. आरती शर्मा पुत्री हरिओम शर्मा एवं लक्ष्मीनारायण शर्मा, की पुत्र बधु जो वर्तमान में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के शिक्षा विभाग में सहायक प्रोफ क्वसर के पद पर कार्यरत हैं, को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वा-रा सहायक पीठाध्यक्ष, छात्र कल्याण पीठ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. आरती शर्मा की इस उपलब्धि से बाड़ी सहित समूचे धौलपुर जिले में प्रसन्नता की लहर है। लक्ष्मी शिक्षा निकेतन विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। विद्यालय परिवार ने कहा कि यह उपलब्धि बाड़ी क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, क्योंकि डॉ. आरती शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार के समस्त अन्तेवासियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह सम्मान शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्रोत है।

## शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत 1875 किलो मिलावटी मसाले नष्ट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम।** राज्य सरकार द्वारा संचालित शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मसाला निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया। यह कार्रवाई आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के निर्देशन में की गई।

सरना डूंगर स्थित रीको तलाई के पास राजेंद्र मसाला पिसाई केंद्र पर छापेमारी की गई। फैक्ट्री का संचालन राजेंद्र सिंह पुत्र श्री बाग सिंह, निवासी ग्राम चिपलाटा, तहसील श्रीमाधोपुर, थाना थोई द्वारा बिना किसी फूड लाइसेंस के किया जा रहा था।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फैक्ट्री में चावल की किनकी में रंग मिलाकर हल्दी बनाई जा रही थी। मौके से कुल 1875 किलो मिलावटी सामग्री बरामद हुई, जिसे नष्ट कराया गया। बरामद सामग्री का विवरण इस प्रकार है 1400 किलो मिलावटी हल्दी,400 किलो चापड़,75 किलो मिर्च पाउडर, खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत हल्दी और मिर्च के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस से प्राप्त सूचना एवं थाना अधिकारी पुलिस थाना खोरा बीसल सुरेंद्र सिंह के सहयोग से की गई।

## सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम पर मनदर्पण गेटकीपर प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम।** निरामय राजस्थान अभियान के तहत आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं और मानसिक स्वास्थ्य की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम इकाई, जयपुर प्रथम द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से एक दिवसीय 'मनदर्पण गेटकीपर प्रशिक्षण' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने की। कार्यक्रम में यूनिसेफ प्रतिनिधि विनोद व्यास ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए बीसीएमओ, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर एवं सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजरों को 'मनदर्पण यानी किशोरों में सकारात्मक मानसिक कल्याण' विषय पर प्रशिक्षित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि समाज में आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि व्यक्ति यदि अपने तनाव के कारणों को समझ ले तो वह काफी हद तक उससे उबर सकता है। जिला नोडल अधिकारी एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गजानंद वर्मा ने 'आत्महत्या रोकथाम में गेटकीपर की भूमिका' पर संबोधित करते हुए बताया कि प्रशिक्षित गेटकीपर ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर सकेंगे जो तनाव, अवसाद या निराशा की स्थिति में हों और समय रहते उन्हें सही मार्गदर्शन देकर आत्महत्या जैसे कदम से रोका जा सकेगा।

**कलक्टर अरुण कुमार की चिकित्सा अधिकारी से अपील**

# बेहतर प्रबंधन से सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों से आमजन को लाभान्वित करें : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने कहा कि चिकित्सा अधिकारी अपने चिकित्सकीय दायित्वों के साथ-साथ विभाग में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु बेहतर प्रबंधकीय क्षमताओं का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने स्तर पर प्रतिदिन योजनाओं की समीक्षा करें तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और आशा सहयोगिनियों के साथ सतत संवाद बनाकर समन्वय से प्रगति सुनिश्चित करें। यह निर्देश उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये।



कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं में बेहतर रैंकिंग पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि दी जा रही सेवाओं का तत्काल पोर्टल पर इन्द्राज किया जाए ताकि रैंकिंग में और सुधार हो। बैठक की शुरुआत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमन्त कुमार बिंदल ने पूर्व बैठक की पालना प्रस्तुत करते हुए की तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट दी। बैठक में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि प्रत्येक गर्भवती महिला की गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने हेतु प्रतिमाह की 9, 18 और 27 तारीख को सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में पीएमएसएमए आयोजित किया जाता है। अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बग्गड़, कुआँथल, कुंदवा, मझेरा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारीयों, उपजिला चिकित्सालय भीम के प्रभारी डॉ सुरेश, अनंता हॉस्पिटल की डॉ मोनिका डांगी, डॉ प्रिया सैनी एवं डॉ स्नेहा गटूआर को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही जिले में आशाओं के माध्यम से सर्वाधिक दो बच्चों पर नसबंदी हेतु प्रेरित करने पर जिला आशा समन्वयक हरि शंकर शर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी आशीष दाधीच और डीएनओ विनीत दवे को भी सम्मानित किया गया।

**स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा एवं आवश्यक निर्देश:** जिला कलक्टर ने राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए नाथद्वारा, राजसमंद शहरी क्षेत्र, कुंभलगढ़ और देलवाड़ा में स्क्रीनिंग, फॉलोअप तथा उपचार की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के संभागीय सलाहकार डॉ कैथूल चौधरी ने कार्यक्रम की स्थिति से अवगत कराया। कलक्टर ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की भी समीक्षा की तथा निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत मरीजों के बैंक खातों का तत्काल ऑनलाइन सत्यापन करने के निर्देश दिए। साथ ही, चिकित्सा संस्थानों पर टीबी संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग बढ़ाने पर भी बल दिया। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में 100 प्रतिशत प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने हेतु सभी गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन व पोर्टल इन्द्राज कराने के लिए निर्देश दिये गए। बैठक में जिला औषधि भंडार प्रभारी डॉ अनिल जैन ने बायो वेस्ट निस्तारण पर प्रस्तुति दी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ राजकुमार खोलिया ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर जानकारी दी तथा डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ महेन्द्र खंगारोत ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा की। अंत में सीएमएचओ डॉ हेमन्त बिंदल ने सभी चिकित्सा अधिकारियों से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व आशाओं के साथ बेहतर समन्वय बनाकर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिये। बैठक में सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुर्गसिंह बने त्वरित सेवा के प्रतीक, आधे घण्टे में जारी हुई वर्षो से अटकी पेंशन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(राजू शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविर जिले के लोगों के लिए बढ़ी राहत का साधन बन रहे है। इन शिविरों में ना केवल वर्षो से अटकी समस्याओं का निस्तारण किया है, बल्कि ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक सबंल और न्याय भी दिलाया है।



इसी क्रम में ग्राम पंचायत रूंधेरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में एक बुजुर्ग दुर्गसिंह पुत्र किरोल निवासी गजपुरा पोस्ट रूंधेरा ब्लॉक बाड़ी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ मिला है। लाभार्थी दुर्गसिंह काफी समय से गरीबी का सामना कर रहा था। विगत जनवरी 2025 से उनकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन से आने वाले अनुदान सत्यापन नहीं होने के कारण बंद थी। सत्यापन करवाने के लिए कई प्रयास किए लेकिन सत्यापन के दौरान उनके हाथों की उंगली व फेस से सत्यापन करवाने पर ऑखे खराब होने के कारण सत्यापन नहीं हो पा रहा था। रूंधेरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के संज्ञान में दुर्गसिंह का प्रकरण आया। शिविर प्रभारी ने तत्काल गंभीरता दिखाते हुए समाज कल्याण एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दुर्गसिंह के घर पेंशन सत्यापन के लिए निर्देश दिए। परन्तु सत्यापन नहीं होने के कारण शिविर प्रभारी के निर्देशन में तहसीलदार बाड़ी एवं विकास अधिकारी के सहयोग से 30 मिनट में पेंशन का सत्यापन कर पेंशन को पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। पेंशन प्रारंभ होने पर लाभार्थी दुर्गसिंह ने माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार श्री भजनलाल शर्मा सहित स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पेंशन पुनः प्रारंभ होने से मेरी आर्थिक मदद होती रहेगी और मैं अपना जीवन यापन अच्छी तरह से कर पाउंगा। मैं शिविर प्रभारी एवं अन्य कार्मिकों का हदय से आभार व्यक्त करता हुं।

## सचिव रेखा यादव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रीमान् अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने हाऊसिंग बोर्ड में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया तथा वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का जायजा लिया एवं वृद्धजनों को प्राथमिक उपचार किट एवं मैनू अनुसार समय पर भोजन एवं सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों की समस्याएं सुनी एवं उपस्थिती पंजिका का अवलोकन किया जिसमें 8 वृद्धजन उपस्थित मिले तथा निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम के प्रबंधन को निर्देश दिए कि सभी बुजुर्गों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं स्वच्छ पेयजल, पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं मानसिक स्वास्थ्य सहायता समय पर उपलब्ध कराएं एवं बिल्डिंग की मरम्मत इत्यादि की भी व्यवस्था कराएं, जिससे वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की शारीरिक हानि न हो एवं वृद्धाश्रम की साफ-सफाई कराने की भी निर्देश दिए एवं रसोईघर को भी साफ-सुथरा रखने की भी निर्देश दिए।

सचिव रेखा यादव ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं, और उनकी सेवा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। सचिव ने यह भी सुनिश्चित किया कि वृद्धाश्रम में निवासरत सभी व्यक्तियों को विधिक सहायता, उनके अधिकारों की जानकारी और आवश्यक होने पर कानूनी सलाह उपलब्ध कराई जाए।

## राजीविका की मासिक बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका डॉ सुमन अजमेरा की अध्यक्षता में राजीविका स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। बैठक में संस्थागत निर्माण, क्षमता संवर्धन, वित्तीय समावेशन, आजीविका तथा गैर आजीविका बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं क्लस्टर लेवल फेडरेशन की कट ऑफ एंट्री, नियमित लेनदेन तथा लखपति दीदी के लक्ष्यों को अक्टूबर माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैंक लिंकेज की प्रगति को बढ़ाने, एनपीए को सुधारने एवं पीएमएफएमई के लक्ष्यों को पूरा करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## नगर परिषद ने जांची अपनी फायर सुरक्षा तैयारियां

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** आगामी दीपावली और अन्य त्यौहारों के मध्यनजर नगर परिषद राजसमंद ने किसी भी आकस्मिक आगजनी या आपात स्थिति से निपटने की अपनी तैयारियों की समीक्षा करने हेतु एक मॉकड्रिल का आयोजन किया। सायं 5:49 बजे डीमार्ट परिसर में आग लगने की सूचना पर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड टीम, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल तत्काल सक्रिय हुआ। अभ्यास के दौरान फायर कर्मियों ने समयबद्ध तरीके से आग को बुझाने और फंसे हुए लोगों को रेस्क्यू करने का प्रदर्शन किया, जिन्हें तत्परता से आर. के. राजकीय जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और की स्थिति की निगरानी



घटना की सूचना मिलते ही उपखण्ड अधिकारी बृजेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हेमन्त जिंदल, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, सभापति अशोक टांक तथा कांकरोली थाना पुलिस दल मौके पर पहुंचे और स्थिति की निगरानी की। सभी विभागों के अधिकारियों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए आग पर नियंत्रण पाया और राहत कार्यों का संचालन किया। इस अभ्यास के दौरान आपसी समन्वय, तत्परता और कार्यकुशलता की भी परख की गई।समयबद्ध कार्रवाई से प्रदर्शित हुई तत्परता और दक्षता

घटना क्रम के अनुसार 5:49 बजे फायर की सूचना प्राप्त होते ही 5:58 बजे उपखण्ड अधिकारी एवं फायर वाहन मौके पर पहुंचे। 5:59 बजे आयुक्त और सभापति भी स्थल पर पहुंचे तथा 6:00 बजे आग पर नियंत्रण पा लिया गया। 6:02 बजे कांकरोली थाना पुलिस, 6:05 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा 6:08 बजे आर. के. चिकित्सालय की एम्बुलेंस पहुंची। 6:15 बजे घायलों को आर. के. राजकीय चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचाया गया। पूरी कार्रवाई से यह स्पष्ट हुआ कि नगर परिषद की आपदा प्रबंधन टीम किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**शहरी सेवा शिविरों का हुआ सफल आयोजन**

# राज्य सरकार की पहल से आमजन को मिला त्वरित राहत का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी,(राजू शर्मा)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में व जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी एवं उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के निर्देशन में चल रहे शहरी सेवा शिविर अभियान - 2025 के तहत शुक्रवार को नगर पालिका बाड़ी में शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी अभियान का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का घर-घर समाधान एवं सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंचाना है। शिविर में नागरिकों की नगरीय सेवाओं से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।शिविर का संचालन अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के निर्देशन में किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभिनव अभियान से जनता को सरकार की संवेदनशील और जनहितैषी सोच का अनुभव हो रहा है।शिविर में राजस्व, विद्युत, जलदाय, चिकित्सा, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, बैंक प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों के आवेदन स्वीकार किए।नगर पालिका बाड़ी द्वारा शिविर के दौरान विशेष रूप से निम्न कार्य किए गए -सम्पूर्ण क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सडक़ों एवं नालियों की सफाई की गई।स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एवं नई लाइटों की स्थापना की गई।पेयजल पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत कर जलापूर्ति सुचारु की गई।टूटे फरश कवर एवं ब्लैक स्पॉट की मरम्मत कर आवागमन आसान बनाया गया। पीएम स्वनिधि, लाडली बहना, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और राज्य सरकार के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से जनता को अपने अधिकारों और योजनाओं की जानकारी सहज रूप से मिलती है तथा समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से होता है। अंत में अधिशाषी अधिकारी श्री श्याम बिहारी गोयल ने सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने के लिए समर्पित है। उन्होंने नागरिकों से नगर की स्वच्छता एवं विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की।इस अवसर पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी निश्चल बैनर्जी, वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर कुमार त्यागी, सफाई निरीक्षक यादवेंद्र सिंह तोमर, वरिष्ठ सहायक लोकेश गर्ग, कैशियर मांगीलाल गर्ग, सामुदायिक संगठक जोगेंद्र सिंह मीणा, तकनीकी सहायक आशीष बंसल, टाउन प्लानिंग स्पेशलिस्ट (पीएमएवाई) तपेश बिधूडी, अंकित कुमार, शिवशंकर पचौरी, मनु बिधूडी, गोविंद सिंह यादव, पुनीत कपरेला, रामकुमार कोली, धर्मेन्द्र शिवहरे, तनुज गहलोत, राहुल कुमार, सौरभ अनिल गर्ग सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# थाईलैंड की शीर्ष हस्तियां अजमेर दरगाह पहुंचीं, विश्व शांति के लिए की प्रार्थना



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** विश्व विख्यात सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की अजमेर शरीफ दरगाह में आज थाईलैंड के दो प्रमुख हस्तियों के दर्शन करने पहुँची ।

संयुक्त राष्ट्र के थाईलैंड विश्व शांति संस्थान के राजदूत एवं वर्ल्ड बुद्धिस्ट फेडरेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. परविंदर सिंह जी तथा थाईलैंड में प्रधानमंत्री की कानूनी सलाहकार, शिक्षा-श्रम मंत्रालय की सलाहकार एवं थाईलैंड पुलिस की डी.जी.पी. डॉ. मोनरूडी सोमर्ट जी ने दरगाह परिसर में पहुंचकर मखमली चादर एवं फूल पेश किए । इस अवसर पर दरगाह के खादिम ने दोनों अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया । डॉ. परविंदर सिंह की दस्तारबंदी की गई , जबकि डॉ. मोनरूडी सोमर्ट को दुपट्टा ओढ़ाकर तबर्रुक भेंट किया गया। इसके अतिरिक्त, दोनों को हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह का स्मरणीय चित्र भी उपहार में दिया गया।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए डॉ. परविंदर सिंह जी ने बताया कि वे वर्ल्ड पीस इंस्टिट्यूट यूनाइटेड नेशन की ओर से यूक्रेन युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में सेवा कार्य के लिए हाल ही में गए थे। उन्होंने कहा, हम हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर पहुंचे हैं। यहां से हमारी कामना है कि विश्व में सुख-शांति स्थापित हो। यूक्रेन जैसे संकटों में मानवता की सेवा करना हमारा कर्तव्य है, और ख्वाजा साहब का आशीर्वाद हमें इसमें ताकत देता है। डॉ. मोनरूडी सोमर्ट जी ने भी सहमति जताते हुए कहा कि थाईलैंड की बौद्ध परंपरा और सूफी दर्शन दोनों ही शांति के पुजारी हैं। उन्होंने दरगाह के वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि यह यात्रा उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय साबित हुई।

यह दौरा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि थाईलैंड और भारत के बीच सांस्कृतिक एवं कूटनीतिक संबंध प्राचीन काल से मजबूत हैं। डॉ. परविंदर सिंह जी, जो वर्ल्ड बुद्धिस्ट फेडरेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में बौद्ध दर्शन को वैश्विक मंच पर ले जाते हैं, ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के बैनर तले वे शांति पहल पर सक्रिय हैं। वहीं, डॉ. मोनरूडी सोमर्ट जी थाईलैंड पुलिस की वरिष्ठ अधिकारी के रूप में कानून व्यवस्था और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में योगदान दे रही हैं। उनके थाईलैंड प्रधानमंत्री कार्यालय में कानूनी सलाहकार तथा शिक्षा-श्रम मंत्रालय में सलाहकार के पद वैश्विक सहयोग को मजबूत करते हैं। अजमेर शरीफ दरगाह में आज भी लाखों श्रद्धालुओं का केंद्र बनी हुई है। यहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं बौद्ध सभी धर्मों के लोग एकजुट होकर प्रार्थना करते हैं। हाल के वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय हस्तियों ने यहां चादर चढ़ाई है, जो सर्वधर्म सद्भाव की मिसाल पेश करता है। डॉ. परविंदर सिंह जी ने कहा, यहां से निकलने वाला संदेश पूरे विश्व तक पहुंचना चाहिए। यूक्रेन युद्ध जैसी त्रासदियों को समाप्त करने के लिए आध्यात्मिक शक्ति आवश्यक है।

# किसान महापंचायत ने ग्राम सेवा सहकारी समिति दांतड़ा बड़ा में करोड़ों के बीमा घोटाले की जांच की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** ग्राम दांतड़ा बड़ा (तहसील कोटड़ी) की ग्राम सेवा सहकारी समिति में फसली बीमा राशि के गबन का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम बांतका बड़ा एवं आसपास के किसानों ने रामपाल जाट, राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान महापंचायत के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि समिति के व्यवस्थापक शिवराज सिंह ने किसानों की फसली बीमा योजनाओं में भारी अनियमितताएं कर करोड़ों रुपये का गबन किया है। किसानों का कहना है कि व्यवस्थापक ने अपने परिवारजनों और चहेतों के नाम पर फर्जी फसली बीमा करवा रखे हैं, जबकि असल भूमि वास्तविक किसानों की है। इतना ही नहीं, जिन व्यक्तियों के नाम पर बीमा किया गया है, वे ग्राम पंचायत क्षेत्र के निवासी भी नहीं हैं और न ही समिति के वैध सदस्य हैं।

किसानों का कहना है कि वे नियमित रूप से अपनी भूमि का फसली बीमा प्रीमियम जमा करते हैं, लेकिन नुकसान होने पर उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिलता। मुआवजा राशि व्यवस्थापक अपने करीबी लोगों को दिलवाकर खुद हड़प लेता है। इससे ग्रामवासियों में भारी रोष व्याप्त है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि शिवराज सिंह के व्यवस्थापक बनने के बाद से उसने करोड़ों रुपये की संपत्तियां अर्जित की हैं, जो उसके वेतन और आय स्रोत से मेल नहीं खातीं। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि वास्तविक किसानों को न्याय मिल सके।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जांच प्रारंभ नहीं की गई, तो वे किसान महापंचायत के बैनर तले आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



# सरपंच संघ कपासन ने मुख्यमंत्री के नाम विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्रीय सरपंच संघ कपासन द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन विकास अधिकारी कपासन मुकेश पोरवाल को ज्ञापन सौंपकर राज्य वित्त आयोग की राशि दिपावली से पूर्व जारी करने तथा राजकीय विद्यालयों के रंगरोगन हेतु पृथक से बजट जारी करने की मांग की गयी है।




सरपंच संघ कपासन के अध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने बताया कि संबंधित विभाग द्वारा पंचायत समिति कपासन क्षेत्र के समस्त राजकीय विद्यालयों के रंगरोगन कार्य हेतु राज्य वित्त आयोग से एक लाख की राशि व्यय करना अनुमत किया गया है।मगर इस हेतु सरकार द्वारा पृथक से बजट राशि जारी नही की गयी है।साथ ही वर्ष 2024-25,2025-26 में उक्त मद की राशि भी जारी नही की,नरेगा मे 2023-24,2024-25 की सामग्री भुगतान की राशि जारी नही की,प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 2024-25 व 2025-26 के आवासों की किश्ते जारी नही की गयी है।इसके बाद भी एसबीएम में सोक पीट एवं मेजिक पीट निर्माण की राशि एसबीएम मद में जारी नही की गयी है।जिसको लेकर सरपंच संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर त्वरित समस्या समाधान की मांग की गयी है।ज्ञापन प्रक्रिया उपरांत सरपंच संघ कपासन के सदस्य लक्ष्मण कीर रूपाखेड़ी,रतननाथ योगी रोलिया, विष्णु हेड़ा धमाणा,रामेश्वरलाल जाट करूकड़ा,पुष्पा देवी बामणिया,अणछी देवी बनाकिया कलां,कमला देवी छापरी,शांता देवी चाकुड़ा,प्रेम देवी अहीर मुंगाना, पारस कंवर पाण्डोली स्टेशन आदि द्वारा संयुक्त बयान जारी कर बताया कि उक्त आदेश के साथ ही बकाया राशि जारी करते तो धरातल पर समय पर कार्य होता है।यदि पृथक राशि जारी नही की जाती है तो जिला स्तर के बाद प्रदेश स्तर पर ज्ञापन एवं मांग सूचक धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

# न.पा. कपासन ने मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र पर एकत्रित सामग्री का जरूरतमंदों में किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** नगर पालिका परिसर में शुक्रवार को रंगोली बनाकर आमजन को स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली का संदेश दिया गया।साथ ही मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र पर भेंट हुई सामग्री का जरूरतमंदों में वितरण किया गया। न.पा. कपासन एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग ने बताया कि नगर पालिका में एमएसआरजीवाई के दल द्वारा स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान के अंतर्गत रंगोली बनाकर स्वच्छता एवं वोकल फॉर लोकल का आमजन को जागरूकता संदेश दिया गया।इसके उपरांत मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र एवं आरआर सेंटर पर प्राप्त सामग्री कपड़े,जूते,बैग एवं पुस्तकों इत्यादि सामग्री का नगर पालिका मंडल के संयोजन में क्षेत्र की कच्ची बस्ती के जरूरतमंदों में वितरण किया गया।

# 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे'बांकेबिहारी मंदिर में रमा एकादशी महोत्सव श्रद्धा व भक्ति से संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर सूरजपोल गेट के बाहर स्थित बांकेबिहारी मंदिर में शुक्रवार को रमा एकादशी महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। हीरालाल जगन्नाथ डाणी ट्रस्ट द्वारा संचालित इस मंदिर में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।मंदिर अध्यक्ष माणक डाणी ने बताया कि कार्तिक मास कृष्णपक्ष की एकादशी, जिसे रमा एकादशी कहा जाता है, पर भगवान विष्णु और लक्ष्मीजी की आराधना से समस्त सुखों की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि कार्तिक मास को दामोदर मास भी कहा जाता है, और इस माह में दीप प्रज्वलन का विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है।कार्यक्रम के तहत भजन गायिका सुगना तंवर परिवार द्वारा ध्वजा पूजन और आहोरण किया गया। दोपहर 3:30 बजे से प्रेमकुमार निखिल जिंदल के सौजन्य से आयोजित भजन संध्या में गायक मयंक अरोड़ा और मयंक वैष्णव ने म्हारी सभा में रंग बरसाओ आओ आओ गजानंद आओ,मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे जैसे मधुर भजनों से वातावरण को भक्ति रस से भर दिया।भजनों के साथ गौसेवा, दीपदान, हटड़ी पदगायन और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। महिलाओं ने ठाकुरजी के समक्ष दीपदान कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। गर्भगृह में पंडित जितेंद्र दाधिच ने दीपक व रंगोली से ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार कर मनमोहक सज्जा की। रमा एकादशी पर बांकेबिहारी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़ ने यह संदेश दिया — जब भक्ति सच्ची हो, तो हर झोपड़ी में भी प्रभु का वास होता है।



# संजीदगी से सजी तत्परता, दीपावली से पहले ब्यावर फायर टीम की दमदार मॉक ड्रिल



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर दीपावली पर्व को देखते हुए नगर परिषद फायर स्टेशन, ब्यावर की टीम ने शुक्रवार को चांगगेट स्थित कुमारानंद सर्कल के पास मॉक ड्रिल का आयोजन किया। अचानक आई आपात कॉल पर टीम तत्परता दिखाते हुए कुछ ही क्षणों में मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाते हुए एक व्यक्ति का सफल रेस्क्यू किया।यह मॉक ड्रिल आग लगने की वास्तविक स्थिति में टीम की तैयारी, प्रतिक्रिया और समन्वय का परीक्षण थी। फायर टीम प्रभारी ताराचंद के नेतृत्व में दल ने पूरी मुस्तैदी और पेशेवर दक्षता के साथ कार्रवाई की, जिससे लोगों में सुरक्षा के प्रति भरोसा और जागरूकता का संदेश गया।आयुक्त श्रवणराम ने कहा कि दीपावली जैसे पर्वों पर आगजनी की घटनाओं की संभावना अधिक रहती है, इसलिए फायर टीमों को हर वक्त तैयार रहना चाहिए। उन्होंने टीम की तत्परता की सराहना करते हुए नागरिकों से भी सावधानी बरतने और सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।मॉक ड्रिल ने न सिर्फ फायर टीम की दक्षता प्रदर्शित की, बल्कि यह भी साबित किया कि सतर्कता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है।

# निजी ट्रावेल्स बसों के बेलगाम संचालन पर सख्त कार्रवाई की मांग



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने निजी ट्रावेल्स बसों के बेलगाम संचालन, नियमों की अवहेलना, अत्यधिक माल लदान और ज्वलनशील वस्तुओं के परिवहन पर रोक लगाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष विश्वबन्धु सिंह राठौड़, सचिव सुनील सोडाणी और कोषाध्यक्ष केशव भुरानी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में हुई जैसलमेर बस अग्निकांड जैसी घटनाएँ निजी बस संचालकों की लापरवाही और परिवहन विभाग की उदासीनता का परिणाम हैं। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि यात्रियों के लिए निर्धारित बसों में कपड़ों की गांठें, मोटरसाइकिलें, पटाखे और गैस सिलेंडर तक भरे जा रहे हैं, जिससे यात्रियों की जान को गंभीर खतरा है। यह भी बताया गया कि परिवहन विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से यह अवैध लदान जारी है, जिससे राज्य सरकार को राजस्व हानि हो रही है। एसोसिएशन ने ट्रांसपोर्ट नगर में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या पर भी चिंता जताते हुए शहर में हैवी ट्रेलर और डम्पर की एंट्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। राठौड़ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो एसोसिएशन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा को भी भेजी गई है।

## 'पोषण से प्रगति की ओर ब्यावर' में संपन्न हुआ अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह समापन समारोह

# कलेक्टर कमल राम मीना ने कहा हर घर में पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता की अलख जगाना ही असली सेवा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर स्वस्थ परिवार, समृद्ध राष्ट्र की भावना को साकार करते हुए अंबेडकर भवन में शुक्रवार को अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह समापन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने की, जबकि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक श्रीमती नीरू सांखला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान ब्यावर जिले की विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना , पोषण माह एवं एफ.आर.एस. में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 कार्यकर्ताओं, महिला पर्यवेक्षकों एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।अपने प्रेरक उद्बोधन में कलेक्टर मीना ने कहा पोषण के क्षेत्र में कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी और आंगनवाड़ी बहनें समाज की सच्ची रीढ़ हैं। योजनाओं का उद्देश्य केवल लाभ वितरण नहीं, बल्कि हर घर में पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता की भावना को सशक्त बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चले इस अभियान से जो जनजागरण उत्पन्न हुआ है, उसे वर्षभर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में पारंपरिक 'गोद भराई' और 'अन्न प्राशन संस्कार' भी संपन्न कराए गए, जिससे समारोह का माहौल भावनात्मक और प्रेरणादायी बन गया। इसके साथ ही पोषण व्यंजन प्रदर्शनी ने सभी का मन मोह लिया, जिसमें आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा तैयार पौष्टिक व्यंजनों की रचनात्मक प्रस्तुति को अतिथियों ने सराहा।अपने संबोधन में डॉ. संजय गहलोत ने कुपोषण के कारणों, उसके समाधान हेतु संतुलित आहार और स्वास्थ्य जागरूकता पर प्रकाश डाला। वहीं, उपनिदेशक श्रीमती नीरू सांखला ने समापन संबोधन में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कलेक्टर, सीएमएचओ, मीडिया प्रतिनिधियों और सभी सहयोगी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। समारोह ने न केवल पोषण के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि समाज में सामूहिक जागरूकता और संवेदनशीलता का संदेश भी दिया।



## उपखंड अधिकारी ने कपासन में लगे आतिशबाजी के प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** दीपोत्सव पर्व से पूर्व शुक्रवार को उपखंड अधिकारी द्वारा क्षैत्र के बाजारों में लगे आतिशबाजी के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।साथ ही उपखंड अधिकारी सुवालका द्वारा व्यवसायियों को सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षैत्र के बाजारों में दीपोत्सव पर्व को लेकर लगे आतिशबाजी वाले प्रतिष्ठानों का उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका द्वारा शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया।इस दौरान उपखंड सुवालका मौके पर पहुंचकर आतिशबाजी के प्रतिष्ठानों एवं विक्रेताओं से जानकारी ली।साथ ही उपखंड अधिकारी राजेश सुवालका द्वारा आतिशबाजी प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को आतिशबाजी संबंधी सामग्री से सुरक्षा,सतर्कता एवं जागरूकता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।



## मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान- खाद्य सुरक्षा दल की चौमू के चीथवाड़ी में बड़ी कार्रवाई, देर रात से सुबह तक चली कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारी सीजन के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय द्वारा विशेष अभियान चलते हुए शुक्रवार को चौमू के पास चीथवाडी में विभिन्न मावा निर्माण इकाइयों का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्रवाई की गई।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि क्षेत्र में लगातार चल रही संदिग्ध मिलावटी मावे की शिकायतों के मद्देनजर पुलिस विभाग एवं आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा की अलग-अलग टीमों का संयुक्त जांच दल का गठित किया गया। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह, संयुक्त आयुक्त डॉ विजय शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ रवि शेखावत के निर्देशन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से चीथवाडी गांव में मध्यरात्रि लगभग 2 बजे पहुंचकर 15 मावा निर्माण ईकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 20 मावा एवं दूध के नमूने लिये गये। 2 निर्माण ईकाइयों पर मावा में मिलावट करने वाली स्कीम मिल्क पाउडर, वनस्पति एवं इनसे बने लगभग 500 किलोग्राम मिलावटी दूध एवं मावे को मौके पर नष्ट करवाया गया।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि फर्म मावा निर्माता मदनलाल शर्मा द्वारा स्किम्ड मिल्क पाउडर, रिफाइंड सोयाबीन तेल, दूध आदि से मिलावटी मावा तैयार होना पाया जाने पर लगभग 50 किलो मावा 90 लीटर क्रीम निकला हुआ/कम फेट का दूध, 35 किलोग्राम स्किम्ड मिल्क पाउडर को मौके पर नष्ट कराया गया। इसी तरह फर्म फर्म लाला हरि एल.एच.मावा पनीर, द्वारा स्किम्ड मिल्क पाउडर, वनस्पति, दूध आदि से मिलावटी मावा तैयार होना पाया जाने पर लगभग 100 किलो मावा 125 लीटर घोल (क्रीम निकला हुआ/कम फेट का दूध व मिल्क पाउडर) 75 किलोग्राम स्किम्ड मिल्क पाउडर व 2 किलो वनस्पति को मौके पर नष्ट कराया गया।डॉ. टी.शुभमंगला ने बताया कि फर्म कमल सेठू, फर्म मुकेश मावा पनीर भण्डार, फर्म बाबुलाल मावा पनीर उद्योग, फर्म आर.एल. मिल्क प्रॉडक्ट के निरीक्षण में साफ-सफाई व अन्य कई कमियां पाई गई, जिसके आधार पर उक्त फर्मों को सुधार हेतु खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किये गए। फर्म मुकेश मावा पनीर भण्डार एवं मदनलाल शर्मा मावा निर्माता के पास खाद्य अनुज्ञा पत्र नहीं होने पर धारा 63 के तहत प्रकरण माननीय न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया जायेगा। उक्त कार्यवाही देर रात से अल सुबह तक जारी रही।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने बताया गया कि निरीक्षण के दौरान 20 मावा एवं दूध के नमूने लिये गये। 2 निर्माण ईकाइयों पर मिलावटी मावा निर्माण में काम आने वाले दूध, स्कीम्ड मिल्क पाउडर, वनस्पति एवं इनसे बने लगभग 500 किलोग्राम मिलावटी दूध एवं मावे को मौके पर नष्ट करवाया गया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी मिलावटी सामान की रोकथाम हेतु कार्यवाही जारी रहेगी। उक्त लिये गये नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भेजे गये है एवं प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित न्यायालयों में प्रकरण दर्ज करवाये जाएंगे। जिन फर्मों के पूर्व में भी नमूने जांच में फेल पाये गये है एवं न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है।




## राजस्व की सख्त कार्वाई हिम्मतपुरा में सिवायचक रास्ते से हटाया गया अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर ग्राम हिम्मतपुरा में शुक्रवार को प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सिवायचक रास्ते पर किए गए शेष अतिक्रमण को हटाया। यह कार्रवाई न्यायालय उपखंड अधिकारी के धारा 251(ए) के अंतर्गत पारित निर्णय की पालना में की गई।कार्रवाई का नेतृत्व तहसीलदार हनूत सिंह रावत ने किया। इस दौरान गठित राजस्व टीम में गिरदावर धर्म सिंह रावत, प्रभु सिंह रावत, चेतन्य प्रकाश पारीक, छगनलाल चौधरी, पटवारी सुमन कंवर, मूलाराम भाटी, मनोज भाटी, दिनेश गुर्जर, पंकज मीणा, सुनील डेटानी, थाना प्रभारी जितेंद्र फौजदार, पुलिस जाप्ता एवं ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार (किशनपुरा) शामिल रहे।जिला कलेक्टर कमल राम मीना और उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह के निर्देश पर टीम ने बलवंत सिंह व अन्य बनाम उदय सिंह व अन्य प्रकरण में तहसीलदार ब्यावर के आदेशों की पालना करते हुए खसरा नंबर 445/182 से 473/330 तक दर्ज सिवायचक रास्ते से अतिक्रमण हटवाया ग्राम पंचायत किशनपुरा द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों जेसीबी, ट्रैक्टर आदि — की मदद से रास्ता पूरी तरह साफ किया गया और आवागमन पुनः सुचारू किया गया। कार्रवाई के दौरान आरएसी जाप्ते, पुलिस बल और ग्रामवासियों की मौजूदगी रही, जिससे माहौल शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बना रहा। यह कार्रवाई प्रशासन की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक रही, जिसमें सार्वजनिक भूमि को मुक्त कर आमजन के अधिकारों को फिर से स्थापित किया गया।

## विहिप भीलवाड़ा महानगर की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुई विस्तृत चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर की आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक बलराम व्यायामशाला में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के आगामी माह के कार्यक्रमों हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर, संस्कार सप्ताह के तहत रन फॉर हेल्थ तथा कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि अखिल भारतीय योजनानुसार रामजन्म मुक्ति आंदोलन में शहीद हुए रामभक्तों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष देशभर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में भीलवाड़ा महानगर में भी शहीद कारसेवक कोठारी बंधुओं की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिन्होंने राममंदिर आंदोलन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी।

संगठन ने निर्णय लिया कि कार्यक्रमों को भव्य और अनुशासित रूप में संपन्न कराने के लिए सभी प्रखंडों में तैयारी बैठकों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, महानगर अभ्यास वर्ग की रूपरेखा पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत, सह संयोजक पवन ठाकुर, हितेश नाथ, अभिषेक पाराशर, विकास सुवालका, रामराव, निलेश सोनी, सत्तू जी बजरंगी, ऋतिक, पप्पू, अर्जुन, देवेंद्र, राज, पिंकेश, योगेश सहित सातों प्रखंडों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा की भावना का संचार करना है।









# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की छापा मार कार्यवाही, खाद्य पदार्थों के लिए नमूने, लगभग 325 किलो सोन पपड़ी को किया सीज

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक (उमाशंकर शर्मा)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गठित टीम

द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर के नेतृत्व में रिद्धि सिद्धि एजेंसी मालपुरा के गोदाम पर छापा मारकर सोन पपड़ी भगवती ब्रांड का नमूना लेकर शेष बचे हुए लगभग 325 किलोग्राम सोन पपड़ी को जांच रिपोर्ट आने तक नियमानुसार सीज कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्दगी दी गई। उक्त सोन पपड़ी भगवती ब्रांड की पैकिंग पर निर्माण तिथि, उपयोग में लेने की तिथि व बैच नंबर अंकित नहीं होने के कारण द्घह्यह्यड्ड एक्ट के अंतर्गत नियमानुसार सीज किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा दल द्वारा तिवाड़ी इंटरप्राइजेज मालपुरा से रसगुल्ला का नमूना, कुंदन मल चंदन मल से गुड़ व हींग का नमूना, बीकानेर मिष्ठान भंडार से मावा और मावा बर्फी का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया।




# जिला अस्पताल में आग लगने की अफवाह से मचा हड़कंप , निकली मॉक ड्रिल



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला मुख्यालय स्थित सामान्य चिकित्सालय में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लगने की सूचना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नगर परिषद की दमकल गाडियां, पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। थोड़ी ही देर बाद पता चला कि यह जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल थी, जिसका उद्देश्य आपात स्थिति में विभागों की तत्परता और समन्वय का मूल्यांकन करना था। जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि इस अभ्यास का मकसद आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों की तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन करना है।

# राज्य सरकार की बजट घोषणा:जिले में 31 सडक़ों के सुदृढ़ीकरण के लिए 90 करोड़ रुपए स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन विभागों के मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के प्रयासों से सवाई माधोपुर जिला लगातार विकास कार्यो में अग्रणी है। इस क्रम में राज्य सरकार ने जिले में 31 सडक़ों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत के लिए 90 करोड़ रूपये स्वीकृत किए हैं। भैरू दरवाजा स्थित श्री राधाकृष्ण गौशाला पर आयोजित होने वाली अमृतमयी श्रीमद्भागवत कथा समापन अवसर, 3 नवम्बर 2025 को मंत्री डॉ. मीणा द्वारा इन सडक़ों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों का शिलान्यास भी किया जाएगा। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के अनुसार, बजट घोषणा 2025-26 के तहत सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत 90 करोड़ रूपये की इस राशि से करीब 40 किलोमीटर लम्बाई की विभिन्न सडक़ों के सुदृढ़ीकरण, चौड़ाईकरण, सौन्दर्यकरण और निर्माण कार्य किए जाएंगे। बीते सप्ताह प्राप्त हुई स्वीकृति के क्रम में हम्मीर सर्किल से आलनपुर सर्किल के बीच 15 करोड़ रूपये से सडक़ निर्माण और स्टेट हाईवे-122 पर 6 किलोमीटर लम्बाई की सडक़ पर 6 करोड़ रूपये खर्च कर चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। साथ ही, जड़ावता और खाटकलां शमशान घाट, हाउसिंग बोर्ड और श्यामपुरा बस स्टैण्ड, सर्किट हाउस रोड़ तथा सामान्य चिकित्सालय आदि के आस-पास की गलियों औ कॉलोनियों में सडक़ों के विकास पर लगभग 14 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे।



















# रबी गुण नियंत्रण अभियानः गंगापुर सिटी में तीन उर्वरक विक्रेताओं के खुदरा उर्वरक अनुज्ञा पत्र निलंबित

**बढ़ता राजस्थान**

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशानुसार रबी फसल की बुवाई के मद्देनजर किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिए खाद-बीज की गुणवत्ता और कालाबाजारी के विरूद्ध रबी गुण नियंत्रण अभियान के अंतर्गत उर्वरकों की गुणवत्ता एवं विक्रय व्यवस्था की जांच के दौरान अनुज्ञापन प्राधिकारी (उर्वरक) एवं संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार अटल ने गंगापुर सिटी में तीन उर्वरक विक्रेताओं का खुदरा उर्वरक अनुज्ञा पत्र निलंबित किया है।

निरीक्षण के दौरान मैसर्स धर्मेन्द्र खाद बीज भण्डार गंगापुर सिटी, मैसर्स जय हनुमान ट्रेडर्स गंगापुर सिटी तथा मैसर्स बाल कृष्ण खाद बीज भण्डार उदेई मोड़ गंगापुर सिटी में अनियमितताएं पाई गईं। उक्त विक्रेताओं द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन किए जाने पर अनुज्ञापन प्राधिकारी उर्वरक) राकेश कुमार अटल द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 कि धारा 26 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 31 के तहत उनके खुदरा उर्वरक अनुज्ञा पत्रों को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक निलंबित किया गया है। अनुज्ञापन प्राधिकारी ने उक्त फर्मो के प्रोपराइटर को निर्देशित किया है कि 7 दिवस में जवाब प्रस्तुत न करने अथवा असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में उक्त उर्वरक अनुज्ञा पत्र को निरस्त कर दिया जाएगा, जिसके लिए संबंधित फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निलंबन के दौरान किसी प्रकार की उर्वरक का क्रय-विक्रय नहीं किया जाएगा।




# दीपावली पर खाद्य सुरक्षा विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई,मिठाई प्रतिष्ठानों पर गिरी गाज

**बढ़ता राजस्थान**

**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सी एम एच ओ सवाई माधोपुर डॉक्टर अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में फूड सेफ्टी ऑफिसर वेद प्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम की टीम दीपावली के त्योहार पर लगातार ताबड़तोड़ छापेमार कारवाही कर रही है ।शुक्रवार को टीम विनायक वाला स्वीट्स ,सिटी सेंटर,रेलवे स्टेशन के पास पहुंची ,वहाँ पहुँच निरीक्षण करने पर साफ़ सफ़ाई का स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया व एक कार्टन में 15 किलो खऱाब किसमिस मिली जिन्हें मोके पर नष्ट करवाई तथा मानक स्तर से अधिक खाद्य कलर के संदेह पर इमरती और मावे का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिया ।इसके बाद टीम जनता जोधपुर स्वीट्स के गौदाम पर पहुंची वहाँ पहुँच कर निरीक्षण करने पर पाया कि सफ़ाई का स्तर संतोष जनक था पर खाद्य अनुज्ञा पत्र निर्माण इकाई पर डिस्प्ले नहीं था । यहाँ से कलाकन्द व रसगुल्ले के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए । इसके बाद टीम बजरिया स्थित बृजवासी मिष्ठान भंडार पर पहुंची वहाँ साफ़ सफाई का स्तर बहुत खऱाब मिला,लाइसेंस मौके पर मौजूद नहीं था और ना ही डिस्प्ले किया हुआ था, एक काउंटर फ्रिज में एक थेली में रखे मावे के अवमानक / मिलावट के संदेह पर नमूना लिया। लिए गए सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाया गया

लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।




# जानलेवा हमले में 55 वर्षीय ग्रामीण हुआ गंभीर रूप से घायल

**बढ़ता राजस्थान**

**उनियारा/टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** उनियारा थाना क्षेत्र के चतरपुरा ग्राम मे 55 वर्षीय व्यक्ति पर गांव के ही कुछ लोगो ने जानलेवा हमला कर दिया जिसमे वो गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका जिला अस्पताल मे इलाज जारी हैं। उनियारा थाना ड्यूटी आफिसर ने बताया की चतरपुरा निवासी कमलेश पुत्र श्रवण लाल ने रिपोर्ट देकर बताया हैं की उसका बड़ा भाई हेमराज रोज सुबह पूजा पाठ के लिये बालाजी के मंदिर जाता हैं.आज सुबह पांच बजे करीब जब वो मंदिर पंहुचा तो वहां पहले से योजना बना कर बैठे गांव के ही प्रेमराज पुत्र सूरज मल, ब्रजबिहारी पुत्र प्रेमराज,जगदीशी पत्नी प्रेमराज निवासी चतरपुरा ने पुरानी रंजिशवश जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी ओर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया ओर चले गये घटना की सुचना पर वो मौके पर पंहुचा ओर उसे सामुदायिक अस्पताल उनियारा लेकर गया जहाँ से उसे हालत गंभीर होने के कारण टोंक रेफर कर दिया गया हैं।




# स्कूटी की डिग्गी से 2 लाख नकदी समेत अन्य दस्तावेज चोरी

**बढ़ता राजस्थान**

**टोडारायसिंह/टोंक (उमाशंकर शर्मा)।** कस्बे में एक फर्म संचालक की स्कुटी की डिग्गी से अज्ञात बदमाश 2 लाख नकदी, चैक बुक समेत अन्य दस्तावेज चोरी कर ले गए। पीडि़त ने थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार श्रीरामनगर मोरला निवासी लालराम जाट, जो कि वीर तेजा कॅन्ट्रक्शन नामक फर्म का संचालन करता है। गुरूवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे एसबीआई बैंक से अपनी फर्म के खाते से 2 लाख नकद निकाल कर अपनी एक्टिवा स्कूटी की डिग्गी में रखे।

# जहाजपुर डीएसपी की दबिश से बजरी माफियाओं में हड़कप, शक्करगढ़ में 4 ट्रैक्टर जब्त

**बढ़ता राजस्थान**

**जहाजपुर (नि.स.)।** अवैध बजरी परिवहन पर शिकंजा कसते हुए डीएसपी नरेंद्र पारीक ने बड़ी कार्रवाई की। शुक्रवार को शक्करगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बजरी ढो रहे चार ट्रैक्टरों को जब्त करके खनन एक्ट में कार्रवाई शुरू कर दी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बजरी माफियाओं में हडक़ंप मच गया है। डीएसपी पारीक ने बताया कि अवैध खनन व बजरी परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है। कानून तोडऩे वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाया जा सके। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी पूर्णराम मीणा, कांस्टेबल गजवीर और रामराज सहित पुलिस टीम मौजूद रही।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।